e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 334

# प्रभात मंत्र

रविवार

10.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### बसपा ने सांसद दानिश अली को पार्टी से किया निलंबित

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी से बाहर कर दिया है। पार्टी ने उन्हें सस्पेंड कर के पीछे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होना बताया है। बता दें कि अमरोहा से सांसद दानिश अली हाल ही में काफी सुर्खियों में रहे थे। दरअसल दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उन पर सांसद के अंदर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर संसद से सड़क तक काफी हंगामा मचा था। बहुजन समाज पार्टी ने अपनी तरफ से जारी किए गए पत्र में लिखा है, आपको (दानिश अली) अनेकों बार मौखिक रूप से से कहा गया कि आप पार्टी की नीतियों विचारधारा एवं अनुशासन के विरुद्ध जाकर कोई भी बयानबाजी व कृत्य आदि न करें परंतु इसके बाद भी आप लगातार पार्टी के विरुद्ध जाकर कार्य करते आ रहे हैं।

### कोरोना ने फिर दी दस्तक,148 लोग हुए पॉजिटिव

**नई दिल्ली:** दुनिया भर में हजारों लोगों को मौत की नींद सुला चुकी कोरोना महामारी अभी भी चिंता का सबब बनी हुई है. सर्दी की शुरुआत के साथ ही भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं. इसके बाद संक्रमण में बढ़ोतरी को लेकर एक बार फिर चिंता की लकीरें खींच दी हैं. जानकारी के मुताबिक, भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 148 नए मामले सामने आए हैं. शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अपडेटेड आंकड़ों में यह जानकारी दी गई.आंकड़ों के अनुसार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी के बाद अस्पताल में इलाजरत रोगियों की संख्या बढ़ कर 808 हो गई है, जो चिंताजनक है.जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन में कहा गया है कि 4 करोड़ 44 लाख 68 हजार 775 लोग संक्रमण से स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं जो राहत वाली बात है. देश में संक्रमण से उबरने की दर 98.81 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर केवल 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक देशभर में कोविड रोधी टीकों की 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

### नक्सलियों ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से दलित नेता की हत्या की

**नारायणपुर :** जिले के नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह शीतला माता मंदिर से पूजा कर वापस लौटने के दौरान दलित नेता कोमल मांझी पर धारदार हथियार से नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिछले एक माह के भीतर नक्सलियों ने इसी तरह दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या की है। इसके पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू और रतन दुबे की भी नक्सलियों की हत्या की थी। भाजपा से जुड़े दलित नेता कोमल मांझी की हत्या के बाद नक्सलियों ने मौके पर पर्चा छोड़ा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि ग्राम छोटेडोंगर के मुण्डाटिकरा का रहने वाला कोमल आमदाई खदान का दलाली कर करोड़ों रुपया खाया है, उसे हमने मौत की सजा दी। खदान दलाली, सरकार और साम्राज्यवादियों के एजेंट मत बनो अन्यथा मौत पक्की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद सदस्य के पति कोमल मांझी आज शनिवार सुबह लगभग 10.30 छोटेडोंगर में स्थित शीतला मंदिर से दर्शन कर वापस लौटने के दौरान नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम ने उसका रास्ता रोका और टंगिया मार कर उसकी हत्या कर दी। नक्सलियों ने कोमल मांझी को कई बार जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने कोमल मांझी को सुरक्षा मुहैया करवाई, लेकिन मांझी ने सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया था। नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि इलाके में सर्चिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोमल मांझी को चुनाव से पहले और बाद में सुरक्षा दी गई थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा लेने से मना कर दिया था। साथ ही इन्हें परिवार समेत सुरक्षित घर भी उपलब्ध करवाया गया था, इसके लिए भी उसने मना कर दिया था।

### गहलोत का भाजपा से सवाल- छह दिन में क्यों नहीं कर पाए सीएम के नाम की घोषणा

**जयपुर/नई दिल्ली :** राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की पोल खुलती नजर आ रही है। छह दिन तक भाजपा नेतृत्व राजस्थान का मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाता है और भाजपा नेता कहते हैं पार्टी में अनुशासन है। गहलोत शनिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में सीएम चयन में हो रही देरी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अब तक सीएम नहीं चुन पाए हो जबकि अगर कांग्रेस पांच-छह दिन मुख्यमंत्री का फैसला नहीं करती तो पता नहीं आप क्या-क्या चिल्लाते कि आपस में फूट है, झगड़ा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 17 0 |
| न्यूनतम | 14 0 |

---

**छत्तीसगढ़ : सीएम के नाम पर जल्द लगेगी मुहर : अर्जुन मुंडा**

# आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** तीन राज्यों में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहे मंथन के बीच पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर इन राज्यों की सीएम की कुर्सी पर कौन बैठने वाला है। इसी को लेकर जल्द भाजपा विधायक दल की बैठक होने वाली है। छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव ने कहा,भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा विधायक दल की बैठक आज 10 दिसंबर को होगी। अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम विधायकों की बैठक लेंगे। छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों में से एक केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने कहा कि सीएम के नाम की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी।



### एमपी : भोपाल में 11 दिसंबर को होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में सोमवार यानी 11 दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। सभी विधायकों को इस बारे में आधिकारिक रूप से सूचित किया गया है। विधायक दल की बैठक की अध्यता केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चुने गए पर्यवेक्षकों के द्वारा किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री के चेहरा कौन होगा इस पर विचार किया जाएगा। बता दें कि, मध्य प्रदेश में केंद्रीय नेतृत्व ने 8 दिसंबर को पर्यवेक्षकों के नाम का ऐलान कर दिया है। मध्य प्रदेश में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर हुए बाबा बालकनाथ



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री के नाम को गहमागहमी तेज हो गई है। ऐसे में मुख्यमंत्री की रेस में शामिल तिजारा विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने एक बयान जारी कर खुद को इस रेस से बाहर कर लिया है। बालकनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए मुख्यमंत्री पद से खुद को बाहर कर लिया है। बाबा बालकनाथ ने अपनी पोस्ट में लिखा है,पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनता-जनार्धन ने पहली बार सांसद व विधायक बनाकर राष्ट्रसेवा का अवसर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद से मीडिया व सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को नजर अंदाज करें। मुझे अभी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है।

---

**आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम**

# झारखंड को वर्ष 2025 तक ताकतवर राज्य बनाएंगे : हेमंत

*** राज्य की जनता को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से बना रहे हैं सशक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड को वर्ष 2025 तक एक ताकतवर राज्य बनाएंगे। पिछले दो दशकों से झारखंड पर पिछड़ेपन का जो टैग लगा था, उसे खत्म करेंगे। हम इस राज्य के लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनाएंगे कि वे अपने दम पर अपना रास्ता तय कर सकें। जब यहां के लोग मजबूत होंगे तो निश्चित तौर पर राज्य भी मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ हम अपनी नीतियों और योजनाओं को न सिर्फ बना रहे हैं, बल्कि उसे धरातल पर पूरी शक्ति के साथ उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज देवघर जिले के गौरीपुर पंचायत में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार के चल रहे तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से कहा- झारखंड एक युवा राज्य है। ऐसे में आपके सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम,सत्यानंद भोक्ता,बादल और हफीजुल हसन, विधायके प्रदीप यादव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय,मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संताल परगना के आयुक्त लालचंद दादेल तथा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### गांव-गांव, पंचायत- पंचायत पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार गांव-गांव पंचायत- पंचायत पहुंच रही है। बल्कि वर्ष 2021 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार इस वर्ष आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत मैं भी कई शिविरों में शामिल हो रहा हूं और यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि लोगों को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ किस तरीके से मिल रहा है। मुझे खुशी है कि सभी शिविरों में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं और अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ रहे हैं।

**समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों में लग रहे शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से जन सेवा करना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ इसका लाभ भी प्रदान करना है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में 80 लाख आवेदन मिले थे। इन आवेदनों के आधार पर हमने समस्याओं की प्राथमिकता तय की और फिर योजनाओं के माध्यम से उसका समाधान करने का कार्य किया।

**जिन अधिकारियों ने कभी आपका गांव नहीं देखा, वे आपके दरवाजे पर आ रहे हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का 23 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन, इस दौरान अधिकारी आपके गांव नहीं गए। क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया। वे आज योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे पर आ रहे हैं। आपको सिर्फ इतना करना है कि इस गठरी से अपनी जरूरत की योजनाओं को चुनें और अपने घर के अंदर ले जाएं तथा खुद को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।

#### कोरोना का कहर कम होते ही विकास को दी रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार वजूद में आई तो उसके कुछ ही महीने बाद कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। सारी व्यवस्थाएं ठप हो गई । ऐसे हालात में भी हमारी सरकार जीवन और जीविका बचाने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी रही।

#### मुख्यमंत्री ने कई विकास योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 255 करोड़ 54 लाख 1 हजार रुपए की 64 योजनाओं की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 5721 लाभुकों के बीच 7 करोड़, 97 लाख 66 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

#### राज्य की बुनियाद को कर रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है। जब गांव मजबूत होंगे तभी हमारा राज्य भी मजबूत बनेगा। ऐसे में हम उस बुनियाद को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। गांव की सशक्तिकरण से हम राज्य को सशक्त बना रहे हैं।

---

# मेरे लिए हर गरीब व हर युवा वीआईपी : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की. इस दौरान देश भर से हजारों लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए. साथ ही देश भर से दो हजार से अधिक वीबीएसवाई वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र और सामान्य सेवा केंद्र भी जुड़ेंगे. इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा,देश की सभी महिलाएं एक ही जाति की हैं. लेकिन कुछ लोग उन्हें बांटने की कोशिश कर रहे हैं.पीएम मोदी ने कहा,मेरे लिए इस देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है. हाल ही में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हुए.नतीजे बताते हैं कि लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है.मैं उन सभी का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी गारंटी पर भरोसा दिखाया. कुछ राजनीतिक पार्टियां यह नहीं समझतीं कि झूठे वादों से उन्हें कुछ नहीं मिल सकता. पीएम मोदी ने कहा,देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना से लाभ जरूर हुआ है और जब ये लाभ मिलता है तो आत्मविश्वास बढ़ता है. जीवन जीने की एक नई ताकत आती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के 'विकित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों में से एक के साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत की. उन्होंने कहा,मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं.

पीएम मोदी ने कहा,मेरे लिए तो, देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है, देश की हर माता-बहन-बेटी मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर किसान मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी है. मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाभ नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है. इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं.



**पीएम ने कहा,मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं.**

---

# मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने वसंत कुंज इलाके में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गिरोह के दो शूटरों को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को जानकारी मिली थी कि दो बदमाश वसंत कुंज इलाके में हैं, दोनों लॉरेंस गिरोह के शूटर हैं। जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल वहां पहुंची। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इन दोनों को तब गिरफ्तार किया गया जब ये दक्षिणी दिल्ली के एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे। शूटरों की पहचान हो गई है, दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। बताया जा रहै कि इनमें से एक नाबालिग है, जो रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती मामले में शामिल रही है। दूसरा बदमाश अनीश भी रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती, आर्म्स एक्ट, मारपीट आदि के छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

#### लारेंस-गोल्डी गैंग ने करवाई थी पूर्व विधायक के घर पर फायरिंग

इससे पहले शुक्रवार को भी दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों को गिरफ्तार किया था। ये तीन दिसंबर को पंजाब के एक पूर्व विधायक के पंजाबी बाग स्थित घर पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे। पश्चिमी दिल्ली के पश्चिमी पंजाबी बाग में रहने वाले अकाली दल के फरीदकोट, पंजाब से पूर्व विधायक के घर पर तीन दिसंबर को फायरिंग जबरन उगाही के लिए लारेंस बिश्नोई- गोल्डी बरार गिरोह ने करवाई थी। पूर्व विधायक ने जबरन वसूली देने से मना कर दिया था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने फायरिंग की इस वारदात की गुत्थी को 72 घंटे में सुलझाने का दावा करते हुए गिरोह के शूटर आकाश उर्फ कस्सा और नितेश उर्फ सिंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल, सात कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों की बरामदगी पर एक्शन में आलाकमान, मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद होने के बाद कांग्रेस हरकत में आ गई है. सूत्रों के मुताबिक मामले में पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी से रिपोर्ट मांगी है.वहीं, इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया. सोशल मीडिया प्लेटफटर्म एक्स पर अमित मालवीय ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें राहुल गांधी कांग्रेस सांसद धीरज साहू के साथ दिख रहे हैं.

**सिर्फ बैंक के कैशियर ने देखे होंगे इतने नोट : अमित शाह**

**नई दिल्ली :** इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,आज वैश्विक भ्रष्टाचार विरोधी दिन है. सौभाग्य से दो दिन पहले ही हमने ऐसी तस्वीरें देखी, जिसमें एक सांसद के घर से इतना कैश मिला. यह देखकर मैं अचंभित रह गया. मैं दावे से कह सकता हूं कि किसी ने इतने नोट एकसाथ अपने जीवन में नहीं देखे होंगे, सिर्फ बैंकों के कैशियर ने ही इतने नोट देखे होंगे.



**जारी है नोट गिनती का काम :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई 6 दिसंबर को शुरू हुई थी जो अभी भी जारी है. कांग्रेस सांसद के ठिकानों इतनी बड़ी संख्या में नोट मिले हैं कि अभी तक इनकी गिनती पूरी नहीं हो पाई है. आयकर विभाग बड़ी-बड़ी मशीनों के जरिए नोटों की गिनती कर रहा है.इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक विभाग की टीमों ने ये छापे 'बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड' से जुड़े ठिकानों पर मारे हैं. ओडिशा के संबलपुर, बोलांगीर, टिटिलागढ़, बौध, सुंदरगढ़, राउरकेला और भुवनेश्वर में भी रेड की कार्रवाई हुई है. इसके अलावा कोलकाता में एक ठिकाने व रांची एवं लोहरदगा पर छापा पड़ा है. जानकारी के अनुसार ओडिशा के बोलांगीर में रुपयों की गिनती में 30 से अधिक बैंक कर्मी लगे हुए हैं. नोट गिनने के लिए कई मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है.

### महाराष्ट्र-कर्नाटक में 40 से ज्यादा जगहों पर एनआईए ने मारे छापे

**नई दिल्ली(एजेंसी) :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार सुबह देशभर में 40 से भी ज्यादा जगहों पर छापेमारी शुरू की। बताया गया है कि एजेंसी ने महाराष्ट्र में ठाणे, पुणे से लेकर मीरा भायंदर तक में कई ठिकानों पर रेड की। वहीं, कर्नाटक में भी एजेंसी ने कई जगहों पर सुबह-सुबह छापे मारे। अब तक इन मामलों में महाराष्ट्र के पुणे से 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पतरिया खुर्द पंचायत मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख गायत्री देवी, जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह, मुखिया रानी सिंह, प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा की सरकार ग्रामीण के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रही है जिसे ग्रामीण लाभुक को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे आकर लाभ लेने की जरूरत है। जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया ने कहा कि सरकार की चलाई हुई जनकल्याणकारी योजना का ग्रामीण लाभुक अपने पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे पहुंच कर जरूर लाभ ले सरकार जनकल्याणकारी योजना को ग्रामीण तक पहुंचाने के लिए सरकार हर पंचायत मे अधिकारी स्टॉल लगाकर लाभुक को लाभ देने का काम कर रही है जिसे लाभुक को आगे बढ़ चढ़कर लाभ लेने की जरूरत है। उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ग्रामीणो तक जनकल्याणकारी योजना कैसे पहुंचे इसके लिए सरकार हर पंचायत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करा कर लाभुको को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है जिसे लाभुको को अपने पंचायत का कार्यक्रम मे पहुंच कर लाभ लेने की जरूरत है। स्वास्थ्य सहित सभी विभाग का स्टॉल लगाई गई थी।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी उप प्रमुख इंदू देवी हुसैनाबाद प्रखंड के बडेपुर में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रौशन कुमार, मुखिया प्रेमा देवी देवी, पंसस इन्दु देवी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार अनुमंडल प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, बिमलेश पासवान समेत प्रखंड व अंचल कनीय अभियंता निरज कुमार रोजगार सेवक अशोक कुमार दुबे पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज प्रखंड के कौवाखोह आवासीय विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कोकरो हाई स्कूल बालिका टीम ने खड़कपुर हाई स्कूल बालिका टीम को एक गोल से हराकर प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट पर कब्जा जमा लिया। कोकरो हाई स्कूल के हेडमास्टर अरविंद गुप्ता ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन से काफी कुछ सीखने के लिए छात्र-छात्राओं को मिलता है, उन्होंने स्कूल के छात्राओं को प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दिया है एवं आगे भी खेल पर नियमित रूप से ध्यान देने की बात कही है। मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के जेई के तबादला से उपभोक्ताओं में नाराजगी



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के जेई धनंजय प्रसाद के विभाग के द्वारा अचानक बदली किये जाने से विद्युत उपभोक्ताओं में नाराजगी है। विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के छतरपुर कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम के खिलाफ आवाज उठाने के विरोध में तबादला की गई है। जबकि छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में काफी सराहनीय काम कर रहे थे, बिजली विभाग का राजस्व भी बढाने का काम किया था।जेई ने 14 नवंबर 2023 को कार्यपालक अभियंता के खिलाफ वरीय पदाधिकारीयों को पत्र लिखा था जिसमें कार्यपालक अभियंता के द्वारा मनमानी ढंग से काम करने, विभाग के राजस्व को नुकसान पहुंचाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे। विभाग के द्वारा पूरे मामले की गहनता से जांच के पहले ही जेई के तबादला से कई सवाल उठ रहे है। जेई के आरोप लगाने के बाद कार्यपालक अभियंता ने दस दिन पहले हरिहरगंज थाना में जेई के खिलाफ एक उपभोक्ता को गलत ढंग से बिजली कनेक्शन जुड़वाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हालांकि उसके पांच दिन बाद कार्यपालक अभियंता ने अवैध रूप से बिजली जुड़वाने के मामले में जेई को निर्दोष बताया था। हरिहरगंज बिजली उपभोक्ता संघ के वरिय सदस्य विश्वदीप गुप्ता ने बताया कि जेई धनंजय प्रसाद क्षेत्र में काफी बेहतर काम कर रहे थे।वरिय पदाधिकारी के खिलाफ सच्चाई की आवाज उठाने पर उन पर कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में जहां नियमित रूप से बिजली मिल रही थी वहीं बिजली विभाग के लिए राजस्व संग्रह भी बढ़ाने का काम किया था। उनके तबादला के बाद क्षेत्र में बिजली की समस्या भी देखने को मिल रही है।

# सोनदाग पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दो हजार जमा हुए फॉर्म



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** प्रखंड के सोनदाग पंचायत के आम बगीचे में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन। इस संबंध में बताते चले की रंका प्रखंड के सोनदाग पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष अहमद अली झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ की गई इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने बतलाया कि आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सोनदाग पंचायत के भलुआनी गांव के आम बगीचे में की गई है जो यहां के व्यक्ति काफी जागरुक है अभी तक 2000 से प्लस फार्म ग्रामीणों की जमा हो चुकी है 500 से ऊपर और फॉर्म जमा होने की संभावना है उन्होंने बताया कि इस प्रकार की भीड़ यह साबित करती है कि यह सरकार की चलाई हुई योजना सफल हो रही है मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सोनू कुमार संकुल साधन से भी देवेंद्र नाथ उपाध्याय पंचायत सचिव पंकज तिवारी पंचायत सचिव रुपेश तिवारी कल्याण विभाग कीर्ति गुप्ता सोनदग पंचायत के समाज सेवी मनोज कुमार ठाकुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा अध्यक्ष दीपक सोनी सोनदाग पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण इस योजना में उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी निकालेगा आक्रोश मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने किया, बैठक में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के दर्जनों सक्रिय सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सनातन और ब्राह्मण की रक्षा हेतु सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमारा भी यह जबाबदेही बनता है कि वीर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए जो भी व्यक्ति खड़ा है वो हमारा भाई है और ऐसे लोगों पर जो हाथ उठाएगा उसका हाथ काट दिया जाएगा। कल रविवार को दोपहर 3 बजे प्रदेश कार्यालय से एक आक्रोश मार्च निकाला जाएगा जो चंद्रशेखर आजाद चौक रेड़मा तक जाएगा और फिर वहां सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, मार्गदर्शक नवीन तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, अमित पाण्डेय, प्रदीप दूबे, गोपाल पाण्डेय, रुपेश तिवारी, श्रीकान्त तिवारी, राजेश चौबे उपस्थित हुए।

## फोरलेन रोड निर्माण कार्य में काफी शिथिलता

**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्थित भोग से संख्या तक फोर लाइन रोड निर्माण कार्य कराई जा रही है। यह कार्य पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से धरातल पर उतरना संभव हुआ है। वही कुछ दिनों से कार्य चल रही है। पर कार्य में काफी शिथिलता बरती जा रही है रोड मे खुदाई कर एक साइड मिट्टी फीलिंग भी की जा रही है कम रोड की चौड़ाई बच जाने के कारण यात्री को चार पहिया वाहन से सफर करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रोड में चलने वाली हाईवा गाड़ी का कोई नियंत्रण नहीं है खराब रोड होते हुए भी तेज रफ्तार से उन लोगों का चलना दुर्घटना का संकेत देते हुए गुजरती है !वहीं इस रोड में कार्य कर रही भारत वाणिज्य कंपनी को चाहिए एक साइड का रोड पूर्ण रूप से तैयार कर इसे चालू कर दी जाए ताकि आने-जाने वाले लोगों को कोई कठिनाई का सामना करना न पड़े। हो रहे रोड निर्माण कार्य मे लोगों का कहना है गुणवत्तापूर्ण कार्य हो इसका मुख्य रूप से ध्यान दी जाए।

## डीलर को राशन बांटने का आदेश

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडरिया पंचायत के बेलपहाडी के डीलर द्वारा बीते 3 माह से राशन नही दिए जाने से आक्रोशित लाभुकों ने बीडीओ सह एमओ नन्दजी राम से शिकायत की। प्रखण्ड कार्यालय पंहुच लाभको ने बताया कि डीलर संजय कुमार पासवान द्वारा बीते 3 माह का राशन नही दिया गया है। राशन की मांग करने पर दिसम्बर का राशन दिया जा रहा है।पूछने पर बोलते है कि राशन मिलेगा तभी हम देगें, हमारा राशन गोदाम से नहीं मिला है जिसका आवेदन प्रखण्ड कार्यालय में दे चुके हैं। राजमणि पाल, अमजद मिया, लालमोहमद मिंया, हशमत अली, राजेश्वर पाल, मुन्ना गुप्ता, देवकुमार साह, आबिद सहित दर्जनों महिला पुरुष लाभको ने बीडीओ से 3 माह का राशन अविलम्ब दिलवाने की मांग की है।इस संबंध में बीडीओ सह एमओ नन्दजी राम ने बताया कि प्राप्त आवेदन के बाद डीलर को पूर्व में वितरित की गई राशन का साक्ष्य उपलब्ध कराने के साथ नवम्बर एवं दिसम्बर माह का राशन वितरित करने का आदेश दिया गया है।

## जैक के निर्देश पर उच्च विद्यालयों में लगा तीन दिवसीय कैंप

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविद परिषद रांची के विज्ञप्ति संख्या 66/ 2023 के निर्देश के आलोक में रमना प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों में 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तक तीन दिवसीय कैंप लगाकर छात्र छात्राओं का नाम, माता पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो, हस्ताक्षर आदि का सुधार कर चेक लिस्ट से मिलान किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सेठ ने बताया कि उक्त विज्ञप्ति के आलोक में विद्यालय में सूचना निर्गत कर सुधार के लिए छात्र व अभिभावकों को तीन दिवसीय कैंप की जानकारी दी गई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, टंडवा, भगोडिह, बुलका, बरहिया आदि विद्यालयों में कैंप लगाकर सुधार किया गया। जैक बोर्ड के इस महत्वपूर्ण निर्णय से अभिभावकों में खुशी है कि अब त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं रहे।

# बीमार पति का इलाज के लिए मदद की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के बभंडी पंचायत के सोनबे गांव निवासी सरिता देवी अपने बीमार पति गोपाल साव का इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई है। उसने कहा कि पति का लिवर में इन्फेक्सन हो गया है। पैसे के आभाव में संपूर्ण इलाज नहीं हो पा रहा है।महिला ने बताया कि उसके छोटे छोटे तीन लड़की एक लड़का है। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। ऐसे में पति के साथ कुछ अनहोनो हो जाता है तो बच्चे सड़क पर आ जाएंगे। इस दौरान ग्रामीण सुखलाल साव, रामलाल साव, विनोद साव, डोमन साव, रंजन कुमार, मंदीप कुमार, संतोष साव आदि लोगों ने बताया कि 2017 में दोबटिया मोड़ पर गोपाल साव का सड़क दुर्घटना हुआ था। जिसमें लिवर डैमेज कर गया था। काफी इलाज के बाद सुधार हुआ और कामकाज कर रहा था। पिछले दो महीने से दोबारा स्थिति खराब है और जोत जमीन बेचने के बाद भी संपूर्ण इलाज नहीं हो पाया।

# बाबा ढ़ाबा एन्ड पैमली रेस्टुरेंट के नये प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जिले के प्रसिद्ध बाबा ढ़ाबा एन्ड पैमली रेस्टुरेंट के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ विश्रामपुर छिपादोहर कला में आज हुआ। उद्घाटन वरीय समजसेवी सह राजनेता छोटन उपाध्याय व बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋ तुराज मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। छोटन उपाध्याय ने कहा कि छोटे जगह पर इतने बड़े रेस्टुरेंट का खुलना क्षेत्र के व्यवसायिक विकास का प्रतीक है। ऋ तुराज मिश्रा ने कहा कि विश्रामपुर नप मुख्यालय के छिपादोहर कला में भी व्यापार की अपार सम्भावनायें है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# खरौंधी पुलिस के द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान, लगाया गया बैनर पोस्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खरौंधी पुलिस के द्वारा शनिवार को चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान। खरौंधी साप्ताहिक बाजार में थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदूरिया के द्वारा अनाउंस कर लोगों को जागरूक किया गया । इसके साथ ही खरौंधी बाजार के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा संबंधि बैनर पोस्टर लगाया गया। जिसमें पंकज कुमार सिंदूरिया के द्वारा जनता को कई निर्देश दिया गया। जैसे जब भी अपने घर से मोटरसाइकिल से निकले तो हेलमेट जरूर पहने, ट्रिपल लोग कभी नहीं चले, अपने सभी कागजात साथ में लेकर ही निकले, शराब पीकर वाहन न चलायें, ओवर स्पीड न चलायें, इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर कई निर्देश दिया गया।

## बालिका उच्च विद्यालय में चलाया गया चुनाव सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव सम्बंधित साक्षरता हेतु जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को बालिका उच्च विद्यालय रमना में सम्पन्न हुई। उपस्थित अधिकारियों के द्वारा छात्राओं को खेल भूल भुलैया, राउंड एण्ड राउंड, सांप सीढ़ी, बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दिया गया। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से जेई मनदीप प्रसाद, जेई रवि कुमार, ए ई कुश कुमार केशरी, बी एफ टी फूलचंद राम, पंचायत सेवक हुसैन अंसारी, आंगनवाड़ी सेविका सह बी एल ओ फूलकुमारी देवी सहित विद्यालय कर्मी व छात्राएं मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** उच्च विद्यालय चित विश्राम के मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 खेलकूद युवा कार्य निदेशालय झारखंड के तहत पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता का शुभारंभ चित्तविश्राम पंचायत के मुखिया सनिधा सोनी तथा बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। चित्तविश्राम की टीम ने मंगर दह की टीम को 1 गोल से पराजित किया। इस अवसर पर मुखिया संनिधा सोनी ने कहा कि खेल जीवन का आवश्यक अंग है.आज के युवा खेल से दूर हो रहे हैं इसलिए उनका संतुलित विकास भी नहीं हो पा रहा है. ग्रामीण क्षेत्र में इससे प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिलेगा। बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने कहा की इस तरह का आयोजन सरकार एवं मुख्यमंत्री की एक अच्छी पहल है। फुटबॉल जो गांव में मृतप्राय होते जा रहा है वह दुनिया का सबसे पसंदीदा और लोकप्रिय खेल है। फुटबॉल से युवा न केवल अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि खेल से अपना करियर भी बना सकते हैं। प्रखंड स्तरीय आयोजन समिति के सदस्य उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा की खेल को अनुशासित तरीके से सभी खिलाड़ी खेले और अपने गांव को झारखंड तक पहुंचायें। इस अवसर पर नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, पूर्व खिलाड़ी संजय पांडेय, वरीय शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, कमलेश पांडेय, तनवीर आलम, राहुल पांडेय, प्रखंड प्रभारी अखिलेश प्रसाद सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर किसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** डंडई प्रखंड में धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से प्रखंड क्षेत्र के किसान इन दिनों आधी कीमत पर धान बेचने को मजबूर हैं। कड़ी मेहनत कर उपजाए गए धान के फसल को कम कीमत पर खरीदने के लिए किसानों के बीच बिचौलिए हावी हैं। समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुलने से डंडई, रारो, लवाही, तसरार, सोनेहारा, बोलिया, जरही, महूदण्ड, करके, जर्दे, पचोर सहित अन्य गांव में किसान व्यापारियों के हाथों औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर हैं। हालांकि इस बार शुरुआती बरसात में अच्छी वर्षा नहीं होने के कारण प्रखंड में धान की पैदावार कम हुई है। लेकिन अंतिम बरसात में अच्छी बारिश होने से कहीं-कहीं किसानों के यहां धान की उपज अच्छी हुई है। लेकिन किसान इस का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। क्योंकि समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुलने के कारण प्रखंड के अधिकतर किसान औने पौने दाम पर व्यापारियों के हाथों धान बेचने को विवश हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर सरकार की लेटलतीफी के कारण बिचौलिए किसान को अपने चंगुल में फंसाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। बिचौलिए किसानों से ओने पौने दाम में धान क्रय कर राइस मिल को बेच देते हैं। जिसका सीधा लाभ राइस मिल के मालिको को होता है। इधर प्रखंड में कुल 9 पैक्स गोदाम संचालित है, लेकिन वह भी भगवान भरोसे ही चलता है। प्रखंड में 2021-2022 में डंडई, सोनेहारा एवं करके में तीन जगह धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया था। जिसमें पूरे प्रखंड से ग्रेड वन, ग्रेड टू एवं ग्रेड थ्री का लगभग 32000 क्विंटल धान की खरीदारी की गई थी। वहीं वर्ष 2022-2023 में मात्र 1500 क्विंटल लक्ष्य के विरुद्ध 1200 क्विंटल धान की खरीदारी की गई थी। **क्या कहते हैं किसान :** इस संबंध में किसान प्रेम यादव ने कहा कि इस बार धान की फसल अच्छी नहीं हुई है, लेकिन रवि फसल की बुवाई के चक्कर में धान की फसल को आधे दाम पर बेचने को विवश है। वही शिव प्रसाद यादव ने कहा कि पूरे प्रखंड में इस बार धान की खेती बहुत ही काम हुआ है। लेकिन धान कटने की तुरंत बाद धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला जाना चाहिए ताकि मेहनत से उपजाई हुई फसल को सरकारी दाम पर बेचा जा सके। लेकिन केंद्र खुलने का इंतजार करते-करते कई किसानों को व्यापारियों के यहां बेचना पड़ता है। वही किसान सुभाष मेहता ने कहा कि अभी तक कहीं भी धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुलने से हम लोगों को धान ओने पौने दाम में बेचना पड़ रहा है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, उमड़ी रही लोगों के भीड़

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखण्ड के बाँसडीह खुर्द पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, अंचलाधिकारी संजय बाखला, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी, उपप्रमुख मालती देवी, पंचायती राज पदाधिकारी गिरिवर उराँव के द्वारा समिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरुआत किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा योजनाओं के बारे मे बिस्तार पूर्वक बताया गया।वही बीस सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि सरकार कि महत्वकांक्षी और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वैसे व्यक्ति को देना है जो अभी तक योजनाओं से वंचित है मुख्य रूप से अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ हेतु आवेदन लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को जायेंगे जामताड़ा

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को जामताड़ा जिले के नाला जायेंगे। मुख्यमंत्री नाला प्रखंड में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर डीसी शशि भूषण मेहरा ने कहा कि 13 दिसंबर को नाला प्रखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित आगमन एवं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण से संबंधित सूची तैयार कर जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### सरकार आपके द्वार के तहत वार्ड 23 व 24 में लगा शिविर

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 25 तथा वार्ड नं 26 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 83 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 267 कंबल का वितरण भी किया गया। बता दे । वार्ड नंबर 27 तथा वार्ड नंबर 28 में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# सांसद धीरज साहू के रांची आवास में आईटी का छापा, तीन बैग बरामद

**खबर लिखे जाने तक तीन बैग भी टीम अपने साथ लेकर गई है, हालांकि, उसमें क्या है इसका खुलासा नहीं किया गया है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और उद्योगपति धीरज साहू के झारखंडबीके लोहरदगा, रांची छत्तीसगढ़,ओडिशा सहित कई ठिकानों पर आइटी ने बुधवार से लेकर चौथे दिन यानी शनिवार तक छापेमारी करती रही। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि करीब 157 बड़े बैग में करीब तीन सौ करोड़ से अधिक रुपए आइटी के पदाधिकारियों और आइएसएफ के जवानों ने बरामद किए हैं।शनिवार को करीब ग्यारह बजे के आसपास आइटी की टीम धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास पहुंचीं और यहां भी कागजात और पैसे की छानबीन की। खबर लिखे जाने तक तीन बैग भी टीम अपने साथ लेकर गई है, हालांकि, उसमें क्या है इसका खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन चर्चा यही है कि इसमें भी रुपए है। साथ ही कुछ प्रिंटर और जेरॉक्स पेपर मंगवाया गया ।

### यहां हो चुकी है छापेमारी

ओडिसा के बालंगीर स्तिथबलदेव साहू एंड ग्रुप कंपनी के दफ्तर से 150 करोड़ से अधिक सम्बलपुर के कॉर्पोरेट ऑफिस से 150 करोड़ नगद जब्त हुआ है।
इसके अलावा रांची और लोहरदगा में धीरज साहू से जुड़े ठिकानों से कई संपत्ति के दस्तावेज बरामद किये गए है। बताया जा रहा है कि धीरज साहू के रिस्तेदारों के नाम ओडिसा में शराब की कई कंपनियां है। इसमें डिस्टलरी प्रा. लिमिटेड, बलदेव साहू इंफ्रा लिमिटेड,क्वालिटी बटलर्स प्रा. लिमिटेड, और किशोर प्रसाद विजय प्रसाद विजय प्रसाद वेबरेज प्रा. लिमिटेड का नाम शामिल है।

### इनोवा गाड़ी में पहुंची थी टीम

धीरज के आवास पर इनोवा गाड़ी वहां घुसी। पहले गाड़ी से दो बैग उतारे गये, फिर उसे अंदर से भरकर ले जाया गया। इससे पहले धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आईटी का सर्वे हुआ था, जो खत्म हो गया है। आईटी की टीम सर्वे पूरी करने बाद लौट गई है। इस दौरान आईटी की टीम धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास से कई बैग लेकर अपने साथ निकली। बताया जा रहा है कि उस बैग में कैश और कई जरूरी दस्तावेज दस्तावेज थे। हालांकि, ओडिशा में आईटी की कार्रवाई अभी भी चल रही है। नोटों की गिनती जारी है।

## कुछ देर जाम में फंसा रहा मुख्यमंत्री का काफिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सबसे अति व्यस्ततम सड़क व संवेदनशील जोन किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा सड़क जाम थी। यातायात बाधित रहने के कारण मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगानी पड़ी। वहीं मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े। जिसके बाद किशोरगंज यातायात पोस्ट पर तैनात यातायात पुलिस के जवान भी हरकत में आए। जिसके बाद जाम हटवाया गया और काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया? बता दें कि इससे पहले अक्टूबर महीने में दुर्गा पुजा के दौरान पंडाल उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री जैसे अपने काफिले के साथ आगे बढ़े तो यातायात पुरी तरह से बाधित था, किसी तरह से पुलिसवालों ने काफिले को सुरक्षित निकाला। वहीं 4 जनवरी 2021 को ओरमांझी में युवती की सिरकटी लाश बरामद होने की घटना से आक्रोशित लोगों ने शाम करीब 5◌35 बजे मुख्यमंत्री का काफिला रोकने की कोशिश की थी। काफिले के आगे चलनेवाली पायलट गाड़ी को रोक कर क्षतिग्रस्त कर दिया और रास्ता क्लीयर कराने की कोशिश कर रहे यातायात सिपाहियों और पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प हुई थी।

## धीरज साहू मामले में सुप्रियो ने कहा, आईटी विभाग का यह रूटिन कार्य हैं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो और कांग्रेस गठबंधन के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से आइटी द्वारा बरामद तीन सौ करोड़ मामले में झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आईटी रेड को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस मामले में जबतक आधिकारिक तौर पर सारी बातें सामने नहीं आ जाती तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। लगातार भाजपा वाले अनाप- सनाप बयानबाजी कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में एक नरेटिव सेट करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि यह तो आईटी विभाग का यह रूटिन कार्य हैं। इससे पहले किसी उद्योगपति के यहां छापेमारी नहीं हुई है क्या। पैसा किसका है? कहां से आया है ये सब आईटी के अधिकारी पता कर लेंगे, भाजपा वालों को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा और कहा कि लगता है कि बाबूलाल को सब पता है कि किसका-किसका पैसा है और कहां से आया है।

## एसएसपी ने सभी पुलिस कर्मियों के साथ एयरपोर्ट परिसर में की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** एयरपोर्ट पर एसएसपी चंदन सिन्हा ने सभी पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। एस एसपी चंदन ने कहा कि एयरपोर्ट भी वीवीआइपी जोन है, हर तरह के लोगों का यहां पर आना-जाना होता है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और संसद से लेकर विधायक एवं उद्योगपति से लेकर आम लोगों का एयरपोर्ट में आवागमन होता है। इस दौरान पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता से सुरक्षा में ध्यान देने की जरूरत है। किसी भी तरह का कोई लापरवाही ना हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एयरपोर्ट के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था एवं



जो एयरपोर्ट के अंतर्गत पार्किंग की स्थिति है, उसे पर भी संबंधित पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया और कहा है कि किसी भी तरह का कोई समस्या उत्पन्न ना हो , इस पर सभी पुलिसकर्मियों को ध्यान देने की जरूरत है। कोई भी अपराधी या किसी और सामाजिक तत्वों के द्वारा आसपास में कोई बदमाशी की जाती है, तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करें और उसे गिरफ्तार कर जेल भेजे।
इस मौके पर एसडीएम दीपक दूबे, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, हटिया डीएसपी राजा मित्रा एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## देश की जनता को नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है : पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी(लोजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान रांची पहुंचे। वे नीजि कार्यक्रम में रांची आये थे। इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा एनडीए पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर आयेगी। देश की जनता को मोदी गारंटी पर पूरा विश्वास है। इस बार पांच राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों का परिणम भी मिल चुका है।उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई के बहाने विपक्षी महागठबंधन पर भी वार किया। कहा कि जिस तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा पूरे देश में कहीं न कहीं राजनीति को बना दिया गया था और अब ये सब नहीं चलेगा। बिहार की नीतीश सरकार पर कहा कि जो खुद बिहार में तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी है, बिहार में चुनाव नहीं जीत सकते हैं। जिनको अपने लिये दूसरे राज्यों में जाकर सीटें तलाशने पड़ रहें वे चाहे झारखंड जाये या यूपी उन्हें जनता अब नहीं अपनाने वाली है।

## धीरज साहू को गिरफ्तार कर केस ईडी को सौंपा जाए: सीपी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से 290 करोड़ से ज्यादा पैसे की बरामदगी के बाद विपक्षी दल भाजपा के नेता हमलावर हैं। रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने धीरज साहू को गिरफ्तार कर इस केस को ईडी को सौंपने की मांग की है। सीपी सिंह ने धीरज साहू की संसदीय भी सदस्यता खत्म करने की मांग की है। विधायक शनिवार को भाजपा महानगर कार्यालय में पत्रकार वार्ता



को संबोधित कर रहे थे। सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उसके डीएनए में ही भ्रष्टाचार है। देश के इतिहास में पहली बार किसी छापेमारी में रिकॉर्ड नगद राशि की बरामदगी हुई है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं। सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने यह पैसे जरूर तीन राज्यों के चुनाव में विधायकों की खरीद फरोख्त और रिसार्ट पॉलिटिक्स के लिए रखा होगा। इसमें हेमंत सोरेन की भी हिस्सेदारी है।
इस पूरे प्रकरण में झारखंड भी शर्मसार हुआ है।

## उप राष्ट्रपति के आगमन पर रिम्स एलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उप राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए रिम्स को अलर्ट पर रखा गया है। ट्रॉमा सेंटर के तीसरे तल्ले पर स्थित आईसीयू-बी में बेड रिजर्व रखा गया है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे कमरे की गहनता से जांच की गयी। मेटल डिटेक्टर से लैस अधिकारियों ने हर कोने की जांच की। सदर अस्पताल में सात सदस्यीय मेडिकल टीम का गठन किया गया है। इस मेडिकल टीम में तीन चिकित्सक, आईसीयू टेक्नीशियन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता,




मल्टीपरपस वर्कर (एमपीडब्लू) व एक चालक शामिल हैं। टीम में डॉ हर्षवर्धन (चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ विकास कुमार (सर्जन), डॉ दीपक (निश्चेतक), विजय कुमार (आईसीयू टेक्नीशियन), प्रकाश अवस्थी (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), शैलेश कुमार (एमपीडब्लू) और हरी नारायण हलधर (चालक) शामिल हैं। उप राष्ट्रपति राज्य के दो प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों को संबोधित करेंगे। उप राष्ट्रपति बनने के बाद धनखड़ का यह झारखंड राज्य का प्रथम दौरा है। सर्वप्रथम उपराष्ट्रपति जमशेदपुर पहुंचेंगे, जहां वह जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।
इसके बाद वह आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस) धनबाद के 43वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे और उपस्थित शिक्षकों और छात्रों से संवाद करेंगे।

## पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने वाले जवान धरना पर बैठने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** देश और जनता की खातिर सीमा पर अपनी जान हथेली पर रखकर की सुरक्षा में खड़े रहने वाले जांबाज सिपाही को कभी अपने हक और अधिकार के लिए बेबस होकर धरना देना पड़ेगा। यह तो कोई सपना में भी नहीं सोचा था । लेकिन एक ऐसा ही जवान झारखंड की राजधानी रांची में चाईबासा से पैदल चलकर आते हैं और राजभवन के समक्ष अपने परिवार के साथ धरना देते हैं। बता दें कि 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ने वाले भारतीय सैनिक पोदना बलमुचू इन दिनों अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं । वे राजभवन के समक्ष अनिश्चिकालीन धरने पर अपने परिवार के साथ बैठे हैं। उसकी कोई सुधि नहीं ले रहा। सरकार की ओर से उसे 5 एकड़ जमीन, इंदिरा आवास देने का आश्वासन दिया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। पेंशन भी नहीं दी जा रही है, पोदना ने बताया कि वे चाईबासा से पैदल रांची आकर धरना दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी बधाई



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को एक्स पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला का आयोजन 22 दिसंबर तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** ख्रीस्तीय समुदाय एवम अन्य सभी लोगों के लिए इस वर्ष डा फादर कामिल बुल्के स्थित लोयोला प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में 19.12.2023 से 22.12.2023 रोजाना दोपहर 12 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रांची पल्ली काथलिक सभा के उप समिति रांची पल्ली खेल समिति के द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि इस क्रिसमस मिलन समारोह और मेले में क्रिसमस कैरोल, बैंड परफॉर्मेंस, चिल्ड्रेन फन जोन, खाने पीने और अन्य वस्तुओं के त्योहारी क्रय विक्रय इत्यादि के व्यवसाय हेतु




स्टॉल लगाने की भी व्यवस्था है । स्टॉल के आबंटन में पहले आवेदन के क्रम में प्राथमिकता भी दी जा रही है। अब तक 47 स्टॉल बुकिंग हो चुका है। जो भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था स्टॉल समय रहते बुक कराना चाहते हैं तो पल्ली परिसर के कार्यालय में कमरा संख्या 23 में आकर यहां के कार्यालय समय में भी बुक करा सकते हैं । स्टॉल में बिजली का कनेक्शन दो टेबल और कुर्सी के साथ अन्य सुविधाओ में पानी की टंकी इत्यादि भी दी जाएगी। 19.12.23 प्रातः से स्टॉल लगाने के लिए परमिशन मिल जाएगा। अतः इस संबध में अपने टोले से इच्छुक लोगों के इस आगमन उत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर ने खेल समिति को साधुवाद देते हुए कहा प्रभु हमारे द्वारा इस वर्ष प्रेम , शांति , सदभाव के साथ आगमन काल में तैयारी करने का मौका दिया है , यह भी प्रभु की योजना है। खेल समिति के सचिव ने बताया कि आगे किसी भी जानकारी के लिए फोन संख्या 9430100281, 9430100282, 9430100283 में संपर्क कर सकते हैं।

## स्टील झारखंड लिटरेरी मीट के छठे संस्करण का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट के छठे संस्करण का उद्घाटन ऑड्रे हाउस में खचाखच भरे दर्शकों के बीच किया गया। तीन दिवसीय उत्सव, जो इस समृद्ध विरासत का जश्न मनाता है और इसे बढ़ावा देने का प्रयास करता है, का उद्घाटन प्रसिद्ध लेखक और पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक ने अनुभवी पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी और झारखंड लिटरेरी मीट की निदेशक मालविका बनर्जी की उपस्थिति में किया। 8 दिसंबर की शाम को पद्मश्री शुभा मुद्गल द्वारा एक पर्दा उठाने वाला प्रदर्शन किया गया, जहां प्रसिद्ध गायिका ने सूफी-भक्ति परंपराओं पर कविताओं के गीत प्रस्तुत किए। उद्घाटन के अवसर पर, देवदत्त पटनायक की नवीनतम पुस्तक बाहुबली◌ 63 इनसाइट्स इनटू जैनिज्म लॉन्च की गई, जिसके बाद आधुनिक समय में भगवद गीता के महत्व पर एक इंटरैक्टिव चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र के बाद व्यास सम्मान विजेता प्रसिद्ध हिंदी लेखिका और कवयित्री ममता कालिया ने साहित्य जगत में अपनी शानदार यात्रा पर चर्चा



की। क्षेत्र की होनहार युवा लेखिका पार्वती तिर्की, जिन्हें उनके पहले काव्य संग्रह फिर उगना के लिए प्रलेख नवलेखन सम्मान से सम्मानित किया गया है, ने झारखंड के प्रमुख साहित्यकारों में से एक और बिरसा मुंडा पुरस्कार विजेता महादेव टोप्पो के साथ मंच साझा किया और आदिवासी के प्रभाव पर चर्चा की। जीवन और जन जीवन उनके साहित्यिक कार्यों पर। पुरस्कार विजेता लेखक जेरी पिंटो ने पुराने जमाने के उपन्यासों के आकर्षण के बारे में बात की। झारखंड के दो युवा मनमौजी फिल्म निर्माताओं, निरंजन कुमार कुजूर और सेरल मुर्मू ने इस क्षेत्र से जुड़ी कहानी कहने की रूढ़ियों को तोड़ने पर चर्चा की। लेखक, पक्षी विशेषज्ञ और संरक्षणवादी बिक्रम ग्रेवाल ने भारत की पहली बर्डवूमन - जमाल आरा - के उल्लेखनीय जीवन और झारखंड के जंगलों की कुछ रोमांचक कहानियों के बारे में वन्यजीव इतिहासकार, पर्यावरणविद् और कहानीकार रज़ा काज़मी से बात की। इंजीनियर से लेखक बने प्रशांत पंडिता ने अपने पहले उपन्यास द जेहलम बॉयज़ के बारे में बात की, जो घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की पृष्ठभूमि पर आधारित विभिन्न धर्मों के दो कश्मीरी लड़कों के बीच दोस्ती और राहों की खोज है।टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट की निदेशक मालविका बनर्जी ने कहा, टाटा स्टील झारखंड लिटरेरी मीट ने हमेशा न केवल झारखंड और क्षेत्र से, बल्कि पूरे भारत से प्रमुख लेखकों, वक्ताओं और कलाकारों को आकर्षित किया है। अगले दिन की शुरुआत श्रीलाल शुक्ल की अग्रणी पुस्तक राग दरबारी के प्रकाशन के पचपन वर्ष के जश्न से होगी। रांची के लेखक पंकज मित्र और रश्मि शर्मा उनके कहानी संग्रह अच्छा आदमी पर चर्चा करेंगे। ममता कालिया, जेरी पिंटो और प्रकाशन दिग्गज अदिति माहेश्वरी गोयल गीतांजलि श्री की रेत समाधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर के बाद अनुवाद में नई रुचि और क्षेत्रीय लेखन के वैश्विक बाजार पर बातचीत करेंगे। पिछले साल, गीतांजलि श्री ने अपने अग्रणी उपन्यास के बारे में बात करने के लिए झारखंड लिटरेरी मीट में भाग लिया था। कविता पाठ के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गीतकार, गायक और अभिनेता स्वानंद किरकिरे द्वारा प्रस्तुत बहुचर्चित धुनों का एक सत्र होगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 95 हजार से अधिक वादों का किया निष्पादन

**रांची :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस एस. चंद्रशेखर के निर्देश पर शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजक किया गया। इसका उद्घाटन प्रधान न्यायायुक्त अरुण कुमार राय समेत अन्य न्यायाधीशों ने बार के पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 95 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया।

## झारखंड के अंतरराष्ट्रीय थ्रो-बॉल खिलाड़ियों ने शिष्टाचार राज्यपाल से की मुलाकात

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय थ्रो-बॉल के दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन से राजभवन में शिष्टाचार भेंट किया। राज्यपाल महोदय सी.पी. राधाकृष्णन ने दिव्यांगजन खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए जीत के लिए बधाई दिये। इस मुलाकात के दौरान भारतीय टीम के कप्तान मुकेश कंचन, थ्रो बॉल के खिलाड़ी सनोज महतो और महिला टीम खिलाड़ी महिमा उरांव असुंता टोप्पो, पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के उपाध्यक्ष पतरस तिर्की आदि लोग उपस्थित थे।



## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया गया अभियान

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गड़के आजविका महिला ग्राम संगठन के सदस्यों ने शनिवार को जेंडर सीआरपी सुहानी लकड़ा के नेतृत्व में रामपुर बाजार गड़के में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान गांव में लिंग हिंसा को लेकर महिलाओं के साथ बैठक की गयी। मौके पर सुहानी लकड़ा, पूर्व सचिव पुष्पा राय, अध्यक्ष संगीता लकडा, पूर्व अध्यक्ष शांति लकड़ा, अलमा देवी, पुनम देवी, सुनीता देवी, फुलो देवी, रिंकी टोप्पो, पुतुल देवी, आशा कुंडु, सुमन लकडा आदि मौजूद थी।



## अनगड़ा प्रखंड के सभी पंचायत प्रभारियों की बैठक

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनगड़ा डाकबंगला में आजसू पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में अनगड़ा प्रखंड के सभी पंचायत प्रभारियों का एक बैठक हुआ जिसमें निर्णय हुआ की 13 दिसम्बर को लुपुंग स्टेडियम में सभी पंचायत के गाँव प्रभारी महिला पुरूष का आजसू पार्टी द्वारा कार्यशाला आयोजित किया जायेगा । मौके पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा 13 दिसम्बर की बैठक खिजरी विधानसभा की दिशा और दशा तय करेगा क्योंकि गाँव प्रभारी गाँव स्तर पर चूल्हा प्रमुख और आजसू पार्टी का हर संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर लग जाएंगे जिसमें आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों के आधार पर आजसू के सिपाही अपने पंचायत स्तर पर काम करेंगे । मौके पर खिजरी प्रभारी जितेंद्र सिंह,जलनाथ चौधरी, अजित महतो,किसुन महतो,साहेबराम महतो,सबिता देवी,सुनील करमाली,संजय महतो,बेबी देवी,आदि उपस्थित रहे ।



## सांसद के नाकामी को कब तक छुपाएंगे सांसद प्रतिनिधि : कृष्णा सिंह

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक प्रतिनिधि पतरातू कृष्ण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रखंड पतरातू के कई पंचायत के सड़कों का रामगढ़ जिला से निविदा प्रकाशित किया गया है।जिसकी लागत लगभग दस करोड़ चौरासी लाख इक्कीस हजार आठ सौ है। इन सभी योजनाओं की अनुशंसा विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया है। लेकिन सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो सांसद की अनुशंसा बता रहे हैं। महेंद्र महतो सांसद के नाकामी को छुपाने के लिए आए दिन अखबार में बने रहने के लिए कोई भी योजना को सांसद के अनुशंसा को बात कर अखबार में आ जाते हैं। ये एक अखबारी नेता है। कुछ दिन पूर्व कहा था कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की चिंता विधायक ना करें।



## सभी ग्राम प्रधानों को मिलेगा मोटरसाइकिल : महादेव मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड सह अंचल सभागार में शनिवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक सांगोर गांव के ग्राम प्रधान चुमनू मुंडा की अध्यक्षता पर किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष महादेव मुंडा उपस्थित होकर कहा कि हम सभी ग्राम प्रधान जितना जल्दी अपना पूरा दस्तावेज जमा करेंगे उतना जल्दी सभी ग्राम प्रधानों को मोटरसाइकिल दिलायेंगे . बैठक में मुख्य रूप से परम्परागत व्यवस्था में ग्राम प्रधान व पड़हा राजा, देवान, मुंडा, महतो, डकुआ की कार्य प्रणाली पर प्रकास डाला गया. जिसके बाद सभी ग्राम प्रधानों को नियमित ग्राम सभा बैठक कराने, ग्राम सभा की कार्यवाही बही का नियमित लिखा जाना, गांव कि सभी विकास योजना ग्राम सभा से पारित होना, गांव स्तर से पंचायत या प्रखंड कार्यालय भेजे जाने वाले सभी विकास योजनाओं का कार्यवाही बही लिखित रहना, बिना ग्राम सभा का किसी भी दस्तावेज बिना जाने हस्ताक्षर या अंगूठा मोहर नहीं लगना, सभी ग्राम प्रधानों व पड़हा राजाओं को मोटरसाइकिल दिलाने हेतु फाईल तैयार करके 19 दिसम्बर तक विधायक दीपक बिरूवा से मुलाकात करके आगे कार्यवाही बात करना, ग्राम प्रधानों का बकाया मानदेय का दिसम्बर तक भुगतान होना, ग्राम प्रधान संघ कर्रा मजबूती व आपसी तालमेल के लिए संघके नाम से सोशल मिडिया ग्रुप बनाना, बचे हुए 18 ग्राम प्रधानों फाईल तैयार करने में नजदिक के ग्राम प्रधान व पंचायत लीडरों का सहयोग करना बैठक पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष महादेव मुंडा, होरो पड़हा राजा सुनील होरो, सचिव? पीटर बारला, बिरसा उरांव, प्रेस प्रवक्ता सगीर अहमद, पड़हा सलाहकार प्रदीप देवघारिया, तेम्बा उरांव, करमा मुंडा, भोला खान, लाल सिंह जय मंगल सिंह मुंडा, जोसेफ आईन्द, कार्तिक मुंडा के अलावे अन्य सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



## करकरी पंचायत सचिवालय में अज्ञात चोरो ने की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के करकरी पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार की रात्री मे चोरीनरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी गांव स्थित पंचायत सचिवालय में अज्ञात चोरों ने हजारो रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। शनिवार की सुबह पंचायत सचिव शनिका नाग पंचायत सचिवालय भवन की गेट के चैनल खोल कर अंदर प्रवेश किये तो देखे पीछे का खिड़की टुटी है। वहीं कमरा में रखी फोटो कॉपी मशीन, कुर्सी, जरनेटर का समान समेत हजारो रुपये की कई समान की चोरी कर ली। घटना की सचिव ने सुचना पंचायत की मुखिया सरिता एक्का और उप मुखिया हबीब अंसारी को इसकी जानकारी दी। मुखिया ने नरकोपी थाना में आवेदन दी है। घटना पुलिस छान बिन कर रही है। ज्ञात हो कि पीछे बर्ष भी पंचायत सचिवालय में चोरी हुई थी।



## रांची विश्वविद्यालय, रांची के उर्दू विभाग में एक शोक सभा आयोजित की गई और प्रो. अबुजर उस्मानी व डॉ. रफत आरा के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में अंजुमन तरक्की उर्दू के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष,और रांची विश्वविद्यालय, उर्दू विभाग के पूर्व शिक्षक प्रोफेसर अबुजर उस्मानी एवं डॉक्टर रफत आरा के निधन पर संयुक्त रूप से एक शोक सभा आयोजित की गयी.

बैठक की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से की गई, जिसमें रांची के प्रतिष्ठित लेखकों, कवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आफताब अहमद अफाकी ने सम्मान और प्रशंसा के लिए शोक संदेश प्रस्तुत किए। इस मौके पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रो. अबुजर उस्मानी और डॉ. रिफत आरा का एक साथ स्वर्गवासी होना उर्दू जगत के लिए बहुत बड़ा सदमा है और इससे दोनों साहित्यिक परिवारों में एक ही समय में दुख का पहाड़ टूट पड़ा ।

उन्होंने कहा कि प्रोफेसर उस्मानी एक भाषाविद्, आलोचक, अंग्रेजी एवं उर्दू के उत्कृष्ट अनुवादक और उर्दू भाषा के महत्वपूर्ण स्वयंसेवक थे। उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जमशेद क़मर ने कहा कि अबू ज़ार उस्मानी एक सक्रिय व्यक्तित्व और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक थे जिनसे मुझे साहित्य का अध्ययन करने का अवसर मिला।



## सरस्वती देवी ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी पश्चिमी की जिप सदस्य सरस्वती देवी ने अपने कार्यालय में शनिवार को कंबल का वितरण किया. कंबल का वितरण खलारी पंचायत और विश्रामपुर पंचायत के 70 जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया. जिप सदस्य ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया है. इस मौके पर वार्ड सदस्य सुषमा देवी, योगेंद्र राम, अनवर अंसारी आदि उपस्थित थे.

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अव्वल रहा सरना एकेडमी का बिरसा मुंडा ग्रुप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरना एकेडमी कुसुम टोला में शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें बच्चों के गांधी ग्रुप, बिरसा ग्रुप, वीर बुधु, भगत ग्रुप, भगत सिंह ग्रुप के बीच प्रतियोगिता कराई गई. प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा ग्रुप के बच्चे सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे. भगत सिंह ग्रुप के बच्चे दूसरे स्थान पर रहे. विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह व उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.विद्यालय के निदेशक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की मानसिक क्षमता बढ़ती है. इस मौके पर शिक्षक पवन सिंह, रोनित सिंह, रतन सिंह, सुरेंद्र चौहान, बिलेंद्र उरांव, बलबीर यादव, उमेश गिरि, बबिता वर्मा, रोस्टी मिंज, विजेता टोप्पो, खुशी झा, शूषणा टोप्पो, सुमन सिंह, नीलू मिंज व विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा व्यवहार न्यायालय,खूंटी में ÷राष्ट्रीय लोक अदालत÷ का आयोजन किया गया। यह लोक अदालत वर्ष 2023 का चौथा एवं अन्तिम राष्ट्रीय लोक अदालत है। राष्ट्रीय लोक अदालत÷ का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए 05 बैंचों का गठन किया गया। प्रथम बैंच में जिला जज प्रथम संजय कुमार, अधिवक्ता मिलन कुमार दास एवं प्रेम प्रकाश होरो मौजूद थे। द्वितीय बैच में अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, अधिवक्ता आशिष कुमार एवं अनिभा तिर्की मौजूद थीं। तृतीय बैंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनन्द, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक एवं करम सिंह प्रमाणिक उपस्थित थे। चतुर्थ बैंच में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के0के0 सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक एवं अधिवक्ता मनोज कुमार ठाकुर रहे। पंचम बैंच में उपभेक्ता फोरम की अध्यक्षा रीता मिश्रा, सदस्य सुरेश कुमार राय एवं सदस्या राधा रानी मौजूद थीं। उक्त लोक अदालत में दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सभी सूलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋष्टा, मोटर यान दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग एवं उत्पाद विभागों के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये।



## कलस्टर स्तरीय बैडमिटंन प्रतियोगिता में डीएवी बचरा बना विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र छात्राओं ने डीएवी घाटो मे संपन्न हुए दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे शानदार खेल का प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता मे कुल 9 स्कूलों के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए।जिसमें सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता मे भाग लिया।प्रतियोगिता में छात्र और छात्राओं की दोनों टीमो ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर विजेता बनकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया।वही क्रिकेट प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की टीम उप विजेता रही।इस प्रतियोगिता मे डीएवी बचरा से छात्राओं की टीम में प्रगति,प्रियांशी कुमारी, अंजली कुमारी और सुभांति कुमारी वहीं छात्रो की टीम में प्रियांशु तिवारी,अनीश कुमार,पीयूष तिवारी और आसिफ असलम शामिल थे।स्कूल प्रबंधन के द्वारा बताया गया की स्कूल के बच्चे अब रजरप्पा में आयोजित होने वाले स्टेट लेवल फुटबॉल प्रतियोगिता और धनबाद में होने वाले स्टेट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल होगे।वही 13 दिसंबर को बोकारो में होने वाले स्टेट लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बच्चे शामिल होंगे।बच्चो के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित सभी शिक्षको ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता से खेल प्रतिभाएं निखरती है।बच्चों में शिक्षण कार्यो के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।आज खेल को कैरियर के एक बेहतर विकल्प के रूप देखा जा रहा है।खेल में कैरियर बनाने का अपार संभावना हैं।उन्होंने एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने की अपील की।साथ ही खेल के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रौशन करने की अपील की।




## बेड़ो प्रखंड के दो छात्रों को मिलेगा मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बेड़ो की कक्षा आठवीं की छात्रा एंजेल अंशु बाड़ा को मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना की लाभ मिलेगी। परीक्षा में पास करने पर शनिवार को विद्यालय की छात्रा एंजेल अंशु बाड़ा को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक चौबे ने कहा कि उन्हें भी ऐसी उपलब्धि हासिल करने के लिए कड़ी पढ़ाई के ईमानदारी के साथ साथ मेहनत करने की बात कही। कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका रेखा रानी ने कहा कि इस योजना के तहत अब एंजेल कक्षा बारहवीं तक सलाना बारह हजार रुपया छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं पूनम टोप्पो ने कहा कि एंजेल इसी विद्यालय की शिक्षिका सुशील कुजूर की पुत्री है जो अपनी लगनशीलता के कारण आज विद्यालय का नाम रौशन किया। इधर प्रखंड के मॉडल स्कूल बेड़ो की छात्रा श्रुति कुमारी पिता केश्वर महतो ने मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा पास की है। वहीं इन दो विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में निर्मला मिंज आशा कुल्लू, मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेन, बसंत सिंह, प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिव शंकर कुमार, प्रशिक्षु शिक्षक अंकित, चंदन, अनुग्रह, उज्वल, पदमा, रिया, मनीषा दोनों छात्राओं बधाई व शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम का संचालन पूनम टोप्पो ने किया।



## पिपरवार के जोबिया निवासी रामलाल महतो बने भाजयुमो पिपरवार मंडल संयोजक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के जोबिया निवासी रामलाल महतो को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का पिपरवार मंडल संयोजक बनाया गया है।भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार चतरा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी के द्वारा भाजपा के पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के समक्ष भाजपा नेता रामलाल महतो को पिपरवार भाजपा युवा मोर्चा का संयोजक नियुक्त किया गया।जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी द्वारा शनिवार को पत्र जारी कर उन्हें युवा मोर्चा का संयोजक बनाया गया है। उन्होंने रामलाल महतो से संगठन का कार्य निष्ठा पूर्वक करने की आशा व्यक्त किया है।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि क्षेत्र राकेश झा,राम प्रसाद महतो, महामंत्री महेश विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि टंडवा ईश्वर दयाल पांडे, किसान मोर्चा अध्यक्ष चतरा सुभम सिंह,जीतेंद्र यादव, रामचंद्र प्रसाद,प्रमोद सिंह, शिवकुमार चौबे,संजय पांडे, जीतेंद्र पांडे, सहित कई लोग उपस्थित थे।संयोजक बनने पर रामलाल महतो ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें दी है वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे।

## पिपरवार के बहेरा मे झारखंड पब्लिक स्कूल जूनियर विंग का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव मे शनिवार को झारखंड पब्लिक स्कुल जूनियर विंग का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह और विशिष्ट अतिथि मे बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा देवी,बेंती पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया,रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजुद थे।समारोह में उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर स्कूल का उदघाटन किया गया।इस दौरान सभी अतिथियों का बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान सभी अतिथियों ने स्कुल और क्लाश रूम की जानकारी लिया।मुख्य अतिथि एसके सिंह ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।ग्रामीण इलाको मे इस तरह के स्कूल खुलने से बच्चो को बेहतर शिक्षा मिलेगी। उन्होंने सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने स्कूल, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील।इस मौके पर पूर्व मुखिया सरोज देवी,भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा,कृष्णा चौहान,अशर्फी राम,भरत रजक,मुन्नू शर्मा,मिथिलेश प्रजापति,बासुदेव साव,बसंत नारायण महतो,बीरू मुंडा, इदरीस अंसरारी,रमेश मुंडा, स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान,जागीन चौहान, ज्योति चौहान,हाजी परवेज, हाजी कमालुद्दीन,पंसस बसंती देवी,निखत प्रवीण, सुरेश महतो,हाजी जसीम, जुबेर आलम,फहीम रजा, शिक्षक चुनमुन कुमारी, तमन्ना प्रवीण सहित कई लोग मौजूद थे।

## संत माईकल स्कूल +2 में 20वां वार्षिकोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संत माइकल स्कूल (+2) में शनिवार को 20 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया मुरी शाखा के मैनेजर दिनेश कुमार एवं मुरी रेलवे हेल्थ सेंटर के सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जे कश्यप मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार, मैनेजिंग निदेशक रूपेश कुमार एवं प्राचार्य सी एल प्रजापति के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। विद्यालय को भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह ने किया। कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छऊ नृत्य के साथ मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करने के क्रम में कहा कि शिक्षा जगत में काफी बदलाव आया है और सिल्ली विधानसभा में सभी बच्चे आधुनिक शिक्षा पद्धति के तहत स्मार्ट क्लास और 3ष्ठ के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सके इसके लिए हमारा प्रयास जारी है। बड़े-बड़े शहरों की शिक्षा तकनीकी को सिल्ली की धरातल पर उतरना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। आगामी 20 दिसंबर को गूंज महोत्सव के उपलक्ष में निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें अनुभवी शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी करवायेंगे और क्षेत्र में शिक्षा को लेकर नया आयाम और दिशा देंगे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सी एल प्रजापति ने किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं: 1, ई निविदा सं0 : पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 54 –23–24 दो पैकेट सिस्टम
कार्य का नाम : Dy.CE/C/ बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी.रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 160.600 से 169.854 (किमी 163.150 से 163.300 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। अंकलित मूल्य (रू): 32,01,11,353.10 बोली प्रतिभूति (रू): 17,50,600.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 महीने, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 28.12.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना
पीआर/01834/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गोलीकांड में शहीद रामदेव महतो को 25 करोड़ व आश्रित को नौकरी दें सरकार : काशिफ रजा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो थाना अंतर्गत रोड नंबर 15 में हुई गोलीकांड की घटना में शहीद हुए मनोहरपुर निवासी टाइगर जवान रामदेव महतो को 25 करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दे झारखंड सरकार । यह मांग की है आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल हो रही है। जमशेदपुर एक शांत शहर रहा है, यहां के लोग शांत स्वभाव के हैं, इस शहर ने हिंसा को कभी भी प्रोत्साहन नहीं किया है, पिछले कुछ सालों में जमशेदपुर में अपराध बढ़ा है, दिन दहाड़े मर्डर की घटनाएं आम होती जा रही है, अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ हैं, यह राज्य सरकार की विफलता को दर्शाता है।

## कांग्रेस ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से तिलक पुस्तकालय में पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर सोनिया गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने शुभकामना एवं बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रंजीत सिंह, अनन्त लाल, मुन्ना सिंह सेवादल, ज्योति मिश्र, अजय मिश्र, सन्नी सिंह, प्रसेनजीत सेन, निखिल तिवारी व अमित पाण्डेय सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## एसएफबी का बचत व बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी लघु वित्त बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ करने की घोषणा की है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएं और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। इन उत्पादों को ग्राहकों को उनकी अलग-अलग वित्तीय और बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न लाभ, बेहतर सुविधाएं और एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5 प्रतिशत तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है और ग्राहक एक लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है।

## बेलटांड़ में वाहन के धक्के से अर्द्ध विक्षिप्त महिला की मौत

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलटांड़ चौक के समीप शनिवार की सुबह करीब 6 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक अर्द्ध विक्षिप्त महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के बीच हीरो शोरूम के पास हुई जहां शव काफी देर तक पड़ा रहा। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची पटमदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे लावा पंचायत के पंसस प्रतिनिधि मिलन दास व झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करीब 60 वर्षीय महिला की मौत हुई है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। घटना के वक्त आसपास कोई मौजूद नहीं था। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी ओमनी वैन ने ही घटना को अंजाम दिया है जो सुबह -सुबह जमशेदपुर की ओर जा रहा था। जबकि महिला अन्य दिनों की भांति लावा हरि मंदिर से पैदल ही बेलटांड़ चौक जा रही थी।

## मानगो क्षेत्र में नियमित पानी की आपूर्ति को लेकर अंसार खान के नेतृत्व में मैनेजर से मिला प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में शनिवार को मानगो क्षेत्र बस्ती से प्रतिनिधि मंडल जवाहर नगर रोड नंबर-15 पानी की आपूर्ति के मैनेजर अर्जुन शाही से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। अंसार खान ने मैनेजर अर्जुन शाही को कहा मानगो क्षेत्र के जवाहर नगर रोड नंबर 14, रोड नंबर 13, मुस्लिम कब्रिस्तान और बागान शाही तथा मानगो के अन्य क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंसार खान ने कहा कि मानगो के जिन-जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जाती है उन क्षेत्रों का टाइम फिक्स किया जाए। फिक्स किए हुए टाइम को प्रेस के माध्यम एवं अनाउंस के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाए। टाइम फिक्स नहीं होने के कारण रात- रात भर महिलाएं पानी के लिए जागती रहती हैं। मैनेजर ने बताया अभी नदी पर सफाई किया जा रहा है। पानी की आपूर्ति ठीक होने में कम से कम 2 से 3 दिन लगेंगे। इसके बाद टाइम से पानी की आपूर्ति की जाएगी। बस्ती के प्रतिनिधि मंडल में राजाराम पंडित, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद अली, महिला कांग्रेस से महासचिव रश्मि निगार, हाजी मोहम्मद मंजूर, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, मोहम्मद अली इमाम, मोहम्मद नूर आलम, आदि मौजूद थे।



# उपायुक्त व विधायक ने किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** कुकड़ु प्रखंड के चौड़ा पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सविता महतो, उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो एवं चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक एवं उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी ने स्टालों का निरीक्षण भी किया। चौड़ा पंचायत के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में कई चयनित लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, जॉब कार्ड वितरण, सखी मंडल से जुड़े महिलाओं के बीच सीसीएल चेक वितरण, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत चेक वितरण, दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल सहित दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। चौड़ा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन, आय, आवासीय, जाति आवेदनों पर कारवाई किया गया। जिसमें बचे आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश गोप, विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, उपप्रमुख अकरम अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, निरंजन महतो, जन सेवक धनराज महतो, बीपीओ राम लगन उरांव, जेई भोलानाथ महतो आदि काफी संख्या में पंचायत के लोग उपस्थित थे।

## बिरसानगर में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को बिरसानगर मंडल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आम जनता की समस्याओं के विषय को लेकर एक सभा का आयोजन मंडल अध्यक्ष गुरूपदो गोराई की अध्यक्षता में हरि मंदिर बिरसानगर में किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। सभा में उपस्थित आम नागरिकों ने क्षेत्र में शौचालय, पानी कनेक्शन, सार्वजनिक नल , वृद्धा पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि समस्या से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने संबंधित विभाग से फोन पर वार्तालाप किया और जल्द से जल्द समस्या के निदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील घोष, राजेन्द्र लोहार, प्रदीप बहादुर, बाबूलाल लोहार, सुदर्शन लोहार, रविंद्र सिंह, धीरज कुमार, नारायण मुखी, निखिल तिवारी, प्रसेनजीत सेन सहित सैकड़ो आम नागरिक शामिल हुए।

## सड़क किनारे मिला महिला का अर्द्धनग्न शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तोड़गहातु पाठक के समीप शनिवार को सड़क किनारे झाड़ी में एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के मुताबिक महिला के गले में चोट के निशान है। शव अर्द्धनग्न अवस्था में बरामद हुआ है। शव की पहचान अब तक नहीं हो पायी है। तोड़गहातु के आस-पास की महिलाएं व ग्रामीणों ने उक्त गांव की महिला होने से इंकार किया है।

# ईचागढ़ में 4 दर्जन हाथियों के झुंड ने खेतों व खलिहानों में धान को बनाया निवाला, किसानों को भारी नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरा, पुड़ीहेंसा, सालुकडीह व पिलीद आदि गांवों में हाथियों का कहर जारी है। आए दिन हाथियों का झुंड जान-माल की क्षति पहुंचाने के साथ ही खेत खलिहानों में जाकर धान की फसलों को रौंदकर नष्ट कर रहा है। क्षेत्र के किसान खराब मौसम के साथ ही दोहरी मार झेलने को विवश हैं। शनिवार की अहले सुबह 45-50 की संख्या में आए हाथियों ने डुमरा, पुड़ीहेंसा व सालुकडीह में खेतों में कटे व खड़े धान की फसलों को रौंद दिया। डुमरा गांव के सीताराम पातर का चकबंदी खेतों में करीब 6 एकड़ में कटे व खड़े धान को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। वहीं शांति पातर, सुनीता पातर, कालीनाथ सिंह मुण्डा, चांदमनी देवी, सत्यवती सिंह मुण्डा, पुड़ीहेंसा के चौधरी महतो सहित दर्जनों किसानों के धान को भी बर्बाद कर दिया। बताया जा रहा है कि पिलीद व बड़ा चुनचुड़िया के पास झाड़ी जंगलों में करीब 50 हाथी डेरा जमाया हुआ है। किसान दिन को अपने खेतों में धान को काटने व समेटने में व्यस्त हैं, वहीं रात को हाथियों से अपनी फसलों को बचाने में रातभर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। दिनों दिन हाथियों की समस्या एक विकराल रूप ले रहा है। रात को एक गांव से दूसरे गांव में आने-जाने के लिए भी सोचना पड़ता है। वनरक्षी कैलाश महतो ने भी गांव पहुंचकर क्षति का आकलन कर किसानों से फार्म भरने को कहा।

## मिचौंग के कारण हुई बारिश से चांडिल क्षेत्र के किसानों को हुआ भारी नुकसान, आजसू ने मांगा उचित मुआवजा

चांडिल : बंगाल की खड़ी से उत्पन्न चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण किसानो की बर्बाद हुई फसल का मुआवजा को लेकर शनिवार को आजसू प्रखंड कमिटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि मिचौंग चक्रवात के कारण लगातार तीन दिन से मूसलाधार बारिश होने और इससे हुई तबाही के कारण किसानों के पूरे साल की कमाई खत्म हो गई है। इसको लेकर आजसू पार्टी के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप के नेतृत्व में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर आजसू के चांडिल प्रखंड उपाध्यक्ष शिब प्रसाद महतो, शुभम रॉय, राहुल महतो व प्रदीप गिरी उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे हाईवा को तिरुलडीह पुलिस ने किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां के एसपी डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिरुलडीह थाने की पुलिस ने छापेमारी करते हुए अवैध बालू से लदे एक हाईवा को जब्त किया है। वाहन संख्या ओडी 14 ई 8398 को जब्त करने के पश्चात तिरुलडीह थाना में रखा गया है। वहीं तिरुलडीह थाना प्रभारी चितरंजन कुमार ने कहा कि अवैध रूप से बालु लदे एक हाईवा को जब्त किया गया तथा चालक को गिरफ्तार कर सराईकेला जेल भेज दिया गया।

# बिड़रा पंचायत में आयोजित शिविर में उमड़ी भीड़ विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा गांव स्थित ग्राम संसद भवन में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने सभी विभागों के स्टॉलों का बारी-बारी से निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को अबुआ आबास समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती- साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल की राशि, महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया काजल सिंह, ग्राम प्रधान शंभु दास, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, बगला किंकर मिश्रा, तिलोत्तमा कालिंदी व जामिनि प्रमाणिक समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सवा करोड़ सरकारी राजस्व की वसूली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय परिसर, सराईकेला और अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, चांडिल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शाम तक सराईकेला में गठित छह पीठ में तथा चांडिल में गठित दो पीठ में न्यायालय में लंबित करीब 549 मामलों का निष्पादन किया गया। प्री लिटिगेशन के करीब 5300 मामले निष्पादित किए गए एवं करीब सवा करोड़ सरकारी राजस्व की भी प्राप्ति हुई। निष्पादन होने योग्य मामलों में बैंक, एक्साइज एक्ट, बिजली विभाग तथा अपराधिक सुलहनीय तथा अन्य प्रकृति के मामले का निष्पादन किया गया। ज़िले के उनतीस हज़ार से अधिक लाभुकों को चिन्हित कर करीब साढ़े तेईस करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, पुलिस अधीक्षक, जिला जज प्रथम, जिला जज द्वितीय,जिला जज तृतीय,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव ने दीप प्रज्वलन करके किया।

# करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में शनिवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र भारती शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने मानवाधिकार के संबंध में कहा कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार का आधार मनुष्य की नैतिकता है, हमें चाहिए कि जो हम दूसरों के लिए लागू करते हैं उसे हम अपने लिए भी लागू करें और जो सम्मान हम अपने लिए चाहते हैं वही सम्मान दूसरों को भी प्रदान करें। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली इस सभा की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य के हाथों दीप प्रज्वलित करके हुआ। सबसे पहले कॉलेज के ड्रामा क्लब की तरफ से मानवाधिकार के विषय पर एक झलकी प्रस्तुत की गई, जिसे बहुत सराहा गया। कार्यक्रम के संयोजक तथा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनवर शहाब ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मौके पर आयोजित होने वाले पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अमीषा, अंकित, मोबिना, हर्ष तथा सूरज का विशेष योगदान रहा।

## प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय माचा में विज्ञान बनाम छद्म विज्ञान पर सेमिनार आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** गुरुवार को पटमदा के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय माचा में ब्रेक थ्रू साइंस सोसाइटी के तत्वावधान में एक सेमिनार आयोजित की गई। सेमिनार का विषय था विज्ञान बनाम छद्म विज्ञान। मुख्य वक्ता के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के पूर्व प्रॉक्टर, ब्रेक थ्रू सोसाइटी, झारखंड के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बोस ने बच्चों से कहा कि किसी की बात सुनकर तुरंत मान नहीं लेना चाहिए। अर्थात सुनो जानो तब मानो उन्होंने जोर देकर कहा कि व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर ज्यादातर सूचनाएं छद्म विज्ञान पर आधारित होती है। उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक चेतना जागृत करने पर बल दिया तथा अपने परिवार एवं समाज में वैज्ञानिक चेतना फैलाने को कहा। विज्ञान क्या है इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की। घाटशिला कॉलेज के सहायक प्रोफेसर सह सोसाइटी के महासचिव डॉ. कान्हाई बारिक ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए छद्म -विज्ञान एवं अन्धविश्वास पर भेद बताए।

## करीम सिटी कॉलेज में मनाई गई एमिली डेकिंसन की 193 वीं जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को एमिली डेकिंसन के 193वें जन्मशताब्दी के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया। उसका शीर्षक ÷ए स्लेश ऑफ ब्लू÷ था। कार्यक्रम की शुरुआत शिउली पालित द्वारा पीपीटी प्रस्तुतिकरण के साथ किया गया। जिसमें एमिली डिकेंसन द्वारा रचित कुछ प्रख्यात कविताओं का प्रस्तुतीकरण अंग्रेजी विभाग की छात्राओं द्वारा किया गया। इसी बीच डॉ. बसुधरा रॉय ने एमिली डेकिंसन द्वारा रचित कविताओं पर अपनी विचार प्रकट की गई।

# प्रेस क्लब चुनाव को लेकर तैयारी पूरी, कल मतदान व परिणाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 के (2023-2026) चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है और रविवार की सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में मतदान प्रक्रिया चलेगी। दो बजे के बाद मतों की गिनती शुरू होगी। शनिवार को पहले जिला सूचना केंद्र में चुनाव समिति की बैठक हुई और उसके उपरांत रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। 117 स्थाई सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सात पदों के लिए चुनाव होना है। अध्यक्ष (एक पद), उपाध्यक्ष (दो पद), महासचिव (एक पद), सह सचिव (दो पद) एवं कोषाध्यक्ष (एक पद) के लिए चुनाव होगा। अध्यक्ष पद के लिए हरा मतपत्र, महासचिव के लिए लाल मतपत्र एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए पीला मतपत्र तथा उपाध्यक्ष एवं सह सचिव पद के लिए सफेद मतपत्र है। सभी स्थाई सदस्यों को कहा गया है कि वह पहचान के लिए



आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस साथ में अवश्य लेकर आएंगे। उम्मीदवारों को भी निर्देश दिया गया है कि मतदान स्थल पर वह चुनाव प्रचार अभियान नहीं चलाएंगे और मतदाता पंक्तिबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव समिति ने मतपत्र मोड़ने का तरीका बता दिया है और ऐसे में यह भी तय हुआ है कि स्टांप की स्याही का चिन्ह यदि दो प्रत्याशियों में थोड़ा भी आता है तो वह मतपत्र रद्द समझ जाएगा। वरीय सदस्य ईश्वर कृष्ण ओझा, पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास एवं पूर्व महासचिव गुलाब प्रसाद सिंह के अनुसार प्रेस क्लब एक परिवार है और ऐसे में चुनाव समिति पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएगी।बैठक में पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास पूर्व महासचिव गुलाब प्रसाद सिंह, ईश्वर कृष्ण ओझा, वीरेंद्र ओझा, बसंत कुमार सिंह, रघुवंश मणि सिंह, सुनील आनंद एवं कुलविंदर सिंह उपस्थित थे।

# सिरोपा व होर्डिंग पर तस्वीरें रोकने की कामयाबी पर सम्मानित किये गए भगवान सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह द्वारा पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन के दौरान होर्डिंग पर गुरुओं के तस्वीरें और सिरोपा रोकने की सकारात्मक सोच के लिए जमशेदपुर के प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने उन्हें सम्मानित किया। वहीं पत्रकारिता के क्षेत्र में सिख कौम की सेवा के लिए प्रवक्ता बलजीत संसोआ का भी सम्मान हुआ। शुक्रवार को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के कार्यालय में हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने गुरमत प्रचार सेंटर का प्रतिनिधित्व करते हुए भगवान सिंह और बलजीत संसोआ को गुरवाणी लिखी स्मारिका भेंट कर उनका सम्मान किया। जमशेदपुरी का कहना है कि इस पहल के लिए पूरी सीजीपीसी की टीम ही सम्मान का हकदार है। भगवान सिंह ने कहा कि संगत को गुरुमत अनुसार गुरु घर से जोड़ने के लिए सीजीपीसी तत्पर है तथा संगत के सहयोग से कौम हित में आगे भी सकारात्मक फैसले लिए जा सकते हैं। सम्मान समारोह में महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, सुरेंदर सिंह छिन्दे, प्रभजोत सिंह, चरणजीत सिंह व सुखराज सिंह उपस्थित थे। जमशेदपुर के युवा प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने होर्डिंग की गैरमौजूदगी और सिरोपा न देने के क्रम पर सख्त रहने के लिए सरदार भगवान सिंह के नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

संपादकीया

# नए कश्मीर का सूर्योदय

**जम्मू** कश्मीर का जिक्र होगा, तो नेहरू और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद किया जाएगा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कश्मीर के संदर्भ में दो 'भयंकर गलतियां' (ब्लंडर) की थीं। भारत की आजादी के कुछ माह बाद ही कबाइलियों (पाकिस्तान की मुखौटा फौज) ने कश्मीर पर हमला कर दिया था। अभी युद्ध जारी था और हमारी सेनाएं जीत रही थीं। पूरे कश्मीर पर भारत का कब्जा होने ही वाला था कि प्रधानमंत्री नेहरू ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। नतीजतन कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में ही रहा। वह उसे 'आजाद कश्मीर' कहता है, लेकिन भारत उस पीओके को अपना हिस्सा मानता है। संसद में इस आशय के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। दूसरी भयंकर गलती यह थी कि नेहरू कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में ले गए, लिहाजा आज भी कई देश इसे 'अंतरराष्ट्रीय मसला' करार देते हैं। इसके अलावा कश्मीर का आयाम यह था कि 'जनसंघ' के संस्थापक बनने से पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की पहली कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री थे। कश्मीर के मुद्दे पर उन्होंने आंदोलन खड़ा किया था कि कश्मीर में भी 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था होनी चाहिए। उस दौर में शेख अब्दुल्ला कश्मीर के प्रधानमंत्री थे और कश्मीर का संविधान तथा ध्वज भी भारत से अलग थे। उस अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को संसद के जरिए समाप्त किया। आज कश्मीर भी पूरी तरह 'भारतीय' है। लोकसभा में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयकों को ध्वनि-मत से पारित किया गया। विपक्ष ने वॉकआउट किया। इन विधेयकों के बाद जम्मू-कश्मीर में 'नया सूर्योदय' होगा। साफ है कि संघ शासित क्षेत्र का स्वरूप समाप्त कर कश्मीर का राज्यत्व बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, क्योंकि पुनर्गठन के तहत परिसीमन को स्वीकृति दी गई है। अब जम्मू में 37 से बढ़ा कर 43 सीट और घाटी में 46 के बजाय 47 सीट की व्यवस्था संसद में पारित की गई है। उपराज्यपाल कश्मीर प्रवासी समुदाय के 2 व्यक्तियों (एक महिला समेत) और विस्थापितों के एक प्रतिनिधि को विधानसभा में नामांकित कर सकेंगे। जम्मू-कश्मीर में पहले आरक्षण की व्यवस्था बेहद क्षीण थी। अब नौकरियों, शैक्षिक और व्यावसायिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति आदि के आरक्षण तय कर दिए गए हैं। कश्मीर के संदर्भ में पंडितों के विस्थापन, पलायन और आतंकवाद, अलगाववाद को भूला नहीं जा सकता। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंक और अलगाव की बुनियादी वजह अनुच्छेद 370 को माना है। अनुच्छेद 370 के कारण ही करीब 45,000 कश्मीरियों की मौतें हुईं। बहरहाल अब गृहमंत्री का दावा है कि आतंकवाद 70 फीसदी खत्म हो चुका है। उसके इकोसिस्टम पर हमले किए जा रहे हैं। आतंकी फंडिंग को नियंत्रित किया जा रहा है। आज अलगाववादियों के आह्वान पर घाटी में न तो हड़ताल होती है और न ही पथराव किया जाता है। अनुच्छेद 370 समाप्त करने पर एक कंकड़ भी नहीं चला। अब हर तीन महीने पर सुरक्षा संबंधी समीक्षा की जाती है। कश्मीर घाटी में अब 4 नए थियेटर खुल चुके हैं। कश्मीर में फिल्में बनाई जाने लगी हैं। 2022-23 के दौरान 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर घूमने आए। गृहमंत्री का दावा तथ्यात्मक होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने संसद के भीतर ये जानकारियां दी हैं, लेकिन यह कैसे भूला जा सकता है कि कश्मीरी पंडितों के 46,631 परिवारों और 1,57,967 लोगों को अपने ही देश में विस्थापित होना पड़ा था। बहरहाल कश्मीर में सूर्योदय होने लगा है। कारोबार और निर्यात फल-फूल रहे हैं। डल लेक में शिकारों की व्यस्तता बढ़ गई है। यदि पीओके हमारा है, तो उसे हासिल करने की कोशिशें भी स्पष्ट होनी चाहिए।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कश्मीर के संदर्भ में दो 'भयंकर गलतियां' (ब्लंडर) की थीं। भारत की आजादी के कुछ माह बाद ही कबाइलियों (पाकिस्तान की मुखौटा फौज) ने कश्मीर पर हमला कर दिया था। अभी युद्ध जारी था और हमारी सेनाएं जीत रही थीं। पूरे कश्मीर पर भारत का कब्जा होने ही वाला था कि प्रधानमंत्री नेहरू ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। नतीजतन कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में ही रहा। वह उसे 'आजाद कश्मीर' कहता है, लेकिन भारत उस पीओके को अपना हिस्सा मानता है। संसद में इस आशय के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। दूसरी भयंकर गलती यह थी कि नेहरू कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में ले गए, लिहाजा आज भी कई देश इसे 'अंतरराष्ट्रीय मसला' करार देते हैं। इसके अलावा कश्मीर का आयाम यह था कि 'जनसंघ' के संस्थापक बनने से पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की पहली कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री थे। कश्मीर के मुद्दे पर उन्होंने आंदोलन खड़ा किया था कि कश्मीर में भी 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था होनी चाहिए। उस दौर में शेख अब्दुल्ला कश्मीर के प्रधानमंत्री थे और कश्मीर का संविधान तथा ध्वज भी भारत से अलग थे। उस अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को संसद के जरिए समाप्त किया। आज कश्मीर भी पूरी तरह 'भारतीय' है।

## चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं

# राजस्थान में नेताओं की आपसी कलह विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को ले डूबी

रमेश सर्राफ

राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके। प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सिमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए।

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके। प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सिमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है।

बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए। चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्हीं दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे। विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था।

मगर कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर और होर्डिंगों में अशोक गहलोत ही छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे। सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे। उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ था। चुनाव से पहले शुचिता



की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल और प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए।

लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लीयर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी। चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा। अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी।

राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे।

राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंदर रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने में ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं। बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं।

कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी कि सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष और सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट की जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है। अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिलीं। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया।

अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे। कांग्रेस पार्टी को अब अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। पार्टी को संगठन में अध्यक्ष सहित आमूल चूल परिवर्तन करना होगा तथा विधायक दल के नेता के पद पर भी गैर विवादित विधायक का चयन करना होगा जो सभी को साथ लेकर चल सके। तभी कांग्रेस जनता के बीच अपनी खोई पैठ फिर से स्थापित कर सकती है। वरना तो राजस्थान कांग्रेस की और अधिक दुर्गति होने से कोई नहीं रोक सकता है।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस के लिए ताजा चुनावों के संकेत

**मध्य** प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलांगना और मिजोरम समेत पांचों राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में आ गए थे। ये चुनाव 2023 में होने वाले चुनावों के अंतिम चुनाव कहे जा सकते हैं। इसके कुछ महीने बाद ही 2024 में देश की लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसलिए देश की राजनीति में इनकी महत्ता ही नहीं बढ़ गई थी, बल्कि सभी राजनीतिक दलों का पारा भी जरूरत से ज्यादा चढ़ गया था। जहां तक इन चुनावों के नतीजों का सवाल है, भाजपा ने तीनों हिन्दी प्रदेशों यानी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत हासिल कर ली है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसने कांग्रेस से सरकार छीनी है और मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बरकरार रखी है। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से भाजपा ने 163 पर जीत हासिल की। कांग्रेस के हिस्से केवल 66 सीटें आईं। राजस्थान विधानसभा की कुल 200




सीटों में से भाजपा ने 115 पर जीत हासिल की और कांग्रेस को 69 सीटें ही मिलीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों में से भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटें मिलीं। तेलंगाना विधानसभा में कुल 119 सीटें हैं। वहां अभी तक भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। कांग्रेस ने वह सरकार उससे छीन ली है। भाजपा ने 8 सीटें जीती हैं। ओवैसी का हैदराबाद और उसके आसपास थोड़ा असर लम्बे अरसे से है। उसने 7 सीटें जीती हैं। वैसे वह लम्बे अरसे से सात सीटें ही जीतता रहा है। दक्षिण के छह राज्यों तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, केरल, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश और तेलंगाना में भाजपा का प्रभाव नहीं है, ऐसा प्रायः माना जाता है। यह किसी सीमा तक सच भी कहा जा सकता है। उत्तर, पूर्व और पश्चिम में तो भाजपा मुख्य पार्टी है, लेकिन पूर्वोत्तर व दक्षिण में उसकी पैठ नहीं है। लेकिन धीरे धीरे भाजपा दक्षिण में भी आगे बढ़ रही है, इसके पुख्ता सबूत इस चुनाव ने भी दिए हैं। कर्नाटक में तो भाजपा मुख्य पार्टी है ही। वहां अब मोटे तौर पर भाजपा व कांग्रेस ही मुख्य दल हैं। कभी सरकार भाजपा की बनती है और कभी कांग्रेस की। यही राजनीतिक पंडित मानते हैं कि कर्नाटक भाजपा के लिए दक्षिण का सिंहद्वार बनाया है। पुदुच्चेरी में भी भाजपा सरकार में भागीदार है। पिछले चुनावों में भाजपा की महिला प्रत्याशी ने वहां के जाने माने अभिनेता कमल हासन को पराजित कर सभी को चौंका दिया था। भाजपा ने अपने बलबूते पहली बार वहां चार सीटों पर जीत हासिल की थी। अब सभी का ध्यान तेलंगाना की ओर लगा हुआ था। तेलंगाना में पिछले दस साल से एक क्षेत्रीय पार्टी भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। इन चुनावों में दो प्रश्न थे। क्या तेलंगाना भी तमिलनाडु और आन्ध्रप्रदेश की तरह क्षेत्रीय राजनीति का केन्द्र बन जाएगा और राष्ट्रीय दल हाशिए पर चले जाएंगे? तेलंगाना के मुख्यमंत्री इसी प्रयास में लगे थे। लेकिन तेलंगाना के लोगों ने इसे नकार दिया। कांग्रेस ने वहां इस क्षेत्रीय दल को पराजित कर जरूरत से तीन सीटें ज्यादा हासिल कर सरकार उससे छीन ली। लेकिन भाजपा के लिए तो यहां इससे भी बड़ा सवाल था। क्या भाजपा की यह दक्षिण यात्रा जारी रहेगी या फिर तेलंगाना इसको रोक देगा? 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा यहां केवल एक सीट जीत पाई थी। उसके बाद हुए दो उपचुनावों में भाजपा ने दो सीटें और जीत लीं। पिछले साल ही मीडिया में यह चर्चा भी होने लगी थी कि भाजपा तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को पराजित करने की हालत में पहुंच गई है।

# रामगढ़ की खबरें

## सयाल दक्षिणी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल दक्षिणी पंचायत भवन में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान चलाए जा रहे योजनाओं की संपूर्ण जानकारी लेने के लिए भारत सरकार के एग्रीकल्चर विभाग के संयुक्त सचिव अमित कुमार साहू, एक्सीटेंड कमीशनर रणबीर सिंह साथ में सयाल दक्षिणी पंचायत पहुंचे। जहां पर उन्होंने केंद्र सरकार की समुचित योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आनन फानन में जिला व प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारिय मौजूद हुए। पंचायत के दर्जनों महिला समूहों से लोन से संबंधित व उज्जवला योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इससे पूर्व पंचायत के महिलाओं ने मुख्य सचिव का स्वागत नृत्य व झारखंडी परंपरागत तरीके से किया। इस दौरान जिला व प्रखंड के सभी विभाग से आए अधिकारीयो द्वारा स्टोल लगाकर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारीया दी गई। इसमें महिला समूहों को ऋण, रोजगार के लिए ऋण, व्यापार के लिए ऋण बैंक ऑफ इंडिया व एस बी आई के द्वारा चेक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिंदल पावर स्टील के द्वारा पंचायत में टीवी



मरीजों की निशुल्क जांच की गई। वही ग्रामिणो को प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण कर केन्द्र सरकार व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। पदाधिकारी ने? बताया कि टीवी मरीजों के लिए जिंदल कंपनी के द्वारा प्रत्येक माह उक्त परिवार को राशन व पांच सौ रूपए देने का काम करेगी।

मौके पर आए भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमित कुमार साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा सभी राज्यों में सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जन धन योजना, कृषि योजना, उज्जवला योजना, पशुपालन योजना, पीएम आवास योजना, मत्स्य पालन योजना, जेएसपीएलएस योजना आदि अन्य योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि विजली विभाग में सब्सिडी,आयुष्मान कार्ड से इलाज ग्रामीणों का किया जाएगा। कार्यक्रम में जनवितरण प्रणाली में ग्रामीणों को जोड़ने, आधार कार्ड बनाने,विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन से संबंधित कार्य किये गये। मौके पर जिला के कृषि पदाधिकारी अशीम रंजन एक्का,जिला के प्रविन कुमार सिंह, अनिमेष कुमार, अभिषेक तिर्की,सुंधासू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, अंचलाधिकारी शिव शंकर पाण्डेय, मुखिया जगदीश साव, मुखिया तालेश्वर साहू, उपमुखिया बिशुन कुमार, रजनी देवी, पंचायत सचिव कैलाश महतो,एलेमिना टोप्पो,पंसस बिजय साव, सुभाष करमाली,विलसी देवी, महेन्द्र सिंह,बैंक ऑफ इंडिया के संजीव कुमार,पम्मी कुमारी, विकास पटेल, बबिता देवी, विरेन्द्र विश्वकर्मा, एसबीआई के अजीत कुमार, जिंदल से राहुल कुमार, दिलीप अग्रवाल,इरसाद एहमद, जितेन्द्र प्रशाद, आशीश आएंन, रविन्द्र विश्वकर्मा,सौखी पासवान आदि सेविका सहायिका व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सभी पंचायतों में बकरियों को दिया जा रहा है पिपिआर का निः शुल्क टीका

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देश पर बकरी बैंक के द्वारा पुरे प्रखंड क्षेत्र में बकरियों को पिपिआर टीका दिया जा रहा है। इस टीकाकरण को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी राजेश कुमार के निगरानी एवं सहयोग से पूर्ण करने की जिम्मेवारी दी गई है। अभी तक



हेसापोड़ा एवं रकुवा पंचायत में 400 से अधिक बकरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। इस तरह से एक अभियान के तहत पुरे प्रखंड क्षेत्र में लक्ष्य को पुरा करना है। बकरी बैंक से सदस्यता प्राप्त सभी बकरियों को निः शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। बकरी बैंक अपने सदस्य किसानों को बकरी पालन से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण करने को प्रतिबद्ध है तथा अपने किए हुए वादे के अनुसार सभी सेवाएं निः शुल्क पुरा कर रही है जिसमें चिकितसा सेवाएं, प्रशिक्षण बाजार से जुड़ाव आदि शामिल हैं। इस नवनिर्मित बकरी बैंक को बेटर वर्ल्ड फाउंडेशन के द्वारा कार्यन्वित किया गया है एवं सहयोग दिया जा रहा है।

## चितरपुर पश्चिम में लगा आपकी सरकार आपके द्वार शिविर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड के पश्चिम पंचायत अंतर्गत ईदगाह मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगाया गया। इस दौरान सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से पूरे ज़िले में शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसी भी तरह की समस्या लोगों



को ना हो और ग्रामीण लाभूक को सरकार के योजनाओं से लंभावित कर समस्या का समाधान किया जा सके। मौके पर रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक के ज़िला उपाध्यक्ष मो आशिक़, उपाध्यक्ष वाहिद अली, कोषाध्यक्ष मो अली अंसारी, महासचिव रहमान ख़ान, सचिव मो गुफ़रान, सचिव सफ़ीक़ अली ने चल रहे सरकार आपके द्वार शिविर का निरीक्षण कर लोगों से जाना कि समस्या के समाधान हेतु कार्य में कोई भी ग्रामीण वंचित ना रहे सभी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण को सौ प्रतिशत प्राप्त हो और ग्रामीण को समझने में भी किसी तरह की समस्या ना हो।

## हेसला झारखंड इस्पात में 60 घंटो से आईटी की टीम मोर्चा संभाले हुए तीसरे दिन कोयला स्टॉक के कागजात ढुढने मे लगे अधिकारीगण

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के झारखंड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड स्पंच फैक्ट्री में 60 घंटे बीतने तक तीसरे दिन शनिवार को छापेमारी में पहुंची आयकर विभाग की टीम मोर्चा संभाल रखा था। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कोयला से जुड़ा टेक्स चोरी मामले को लेकर कागजात खंगालने के बाद अब आईटी टीम ने फैक्ट्री के अंदर कोयला स्टाँक की जांच पड़ताल शुरु कर दिया हैं। जिसके लिए कोयला उठाव व रखने सबंधी कागजात ढुढ़ने की प्रक्रिया की जा रही हैं। बताया जाता है कि तीसरे दिन उड़ीसा की आईटी टीम ने अपने कारवाई में सक्रियता निभाई। शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद फैक्ट्री कांटा बंद करवाया गया। यहां भी जांच जारी हैं। हांलाकि झारखंड इस्पात फैक्ट्री के बाहर व अंदर आईटी के वाहनो को दौड़ लगाते देखा गया। लोगो में चर्चा है कि आईटी टीम मामले को ले बीते 12 दिसंबर तक विभागीय अनुसंधान में लगी रहेगी। कारखाने में काम करने वाले मजदूरों का आना जाना लगा रहा। कोयला स्पंच लेकर आये ट्रक फैक्ट्री के बाहर सड़क के किनारे खड़े दिखाई पड़े। लोगो ने बताया कि जरूरत के मुताबिक वाहनो को अनलोड करने के लिए फैक्ट्री अंदर जाने दिया जा रहा हैं। जिस पर आईटी अधिकारियों की नजर बनी हुई हैं।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता के फ़ाइनल आयोजित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में शनिवार को अंतर सदन खेल प्रतियोगिता के फ़ाइनल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को छात्रों के मानक के अनुसार 3 वर्गों में विभाजित किया गया थाः 3 से 5, 6 से 8 और 9 से 12, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्म-सम्मान बढ़ाना, टीम वर्क के लिए प्रेरित करना और नेतृत्व कौशल विकसित करना था। खेल बच्चों को उनके सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करता है। यह तनाव को कम करने में भी मदद करता है।चारों सदन साहिबज़ादा अजीत सिंह हाउस, साहिबज़ादा जुझार सिंह हाउस ,साहिबज़ादा जोरावर सिंह हाउस और साहिबज़ादा फतेह सिंह हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक हाउस से, दो टीमों ने भाग लिया अर्थात् %लड़कियों की टीम% और %लड़कों की टीम%।

## डेढ़ वर्षो के बाद भी नहीं हुआ पौधरोपण,वन विभाग की लापरवाही से सैकड़ों पौधे हुए बर्बाद

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल की दो बडी परियोजनाओ मे उरीमारी व बिरसा परियोजना क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वन विभाग को पौधा रोपण का काम पिछ्ले वर्ष दिया गया था। इन दोनों परियोजनाओ में करीब डेढ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य था इसकी कुल लागत चार करोड़ रुपए व पैंतालीस हेक्टेयर भूमि में पौधारोपण कार्य किया जाना था। डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी अब तक पौधा रोपण का कार्य पुरा नही हो पाया है प्रबंधन ने बढ़ते हुए प्रदुषण व पानी के स्रोत को बढ़ाने के लिए पौधारोपण योजना लाई थी। जिससे पुरे क्षेत्र में हरियाली व प्रदुषण मुक्त करना था। लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण अभी तक वन विभाग ने पौधारोपण का कार्य पुरा नही किया है। अब तक कुछ जगहों में ही पौधारोपण का कार्य हुआ है जो कि सुरक्षित नहीं है। पौधारोपण का कार्य इन जगहों पर करना था जिसमें उरीमारी,जरजरा, पोंटगा,असवा,तिलैया, हेसाबेडा, परियोजना कार्यालय उरीमारी,सी टाइप क्वार्टर,गौरी शंकर मंदिर,थाना क्लोनी,बेश वर्कशॉप, शांति निकेतन स्कूल के समीप, महात्मा गांधी स्टेडियम, न्यू बिरसा, डिस्पेंसरी,बिरसा डिपो,बिरसा परियोजना कार्यालय में पौधारोपण किया जाना था इसमें सांगवान,शीशम, नीम,कटहल,महुवा, अमरूद,जामुन, अशोक, गुलमोहर पौधों को लगाना था। लेकिन महज कुछ जगहों पर ही वन विभाग ने पौधारोपण किया है और उन सभी पौधौ का सही से देखभाल नहीं किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित की ओर अग्रसर : पीएम सलाहकार तरुण कपूर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत का सम्मान सबसे उपर : ईश्वर दयाल पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ गाड़ीलौंग पंचायत में पीएम सलाहकार तरुण कपूर के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट रुप में सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, कोल इंडिया चेयरमैन पी एम प्रसाद, सीएमडी वी वीरा रेड्डी, चतरा उपायुक्त अबु इमरान, चतरा उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, बीडीओ देवलाल उरांव, अंचल अधिकारी राजेन्द्र दास व संयोजक मिथलेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सलाहकार तरुण कपूर ने एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा और मगध कोल परियोजना का निरीक्षण के पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए जहां उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया एवम लाभुको से संवाद किया। कार्यक्रम में हर घर शौचालय बन जाने के लिए गाड़ीलौंग पंचायत के मुखिया सबीना खातून को ओडीएफ पंचायत से संबंधित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवम जेएसएलपीएस के महिला समूह को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 16 स्टॉल लगाए गए थे, सभी स्टॉलो का पीएम सलाहकर ने निरीक्षण किया और संतुष्ट दिखे। सिमरिया विधानसभा विधायक किसुन दास ने कहा कि युवा, महिला, मजदूर, किसान के सम्मान की गारंटी मोदी सत्कार में है। जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा ने कहा कि हर घर उज्जवला, शौचालय और राशन, मोदी सरकार से ही संभव हुआ है। मौके पर विशेष रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक केशरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभम् सिंह, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, भाजपा नेता शिव कुमार चौबे, टंडवा विधायक प्रतिनिधि शशी चौरसिया, गाड़ीलौंग पंचायत मुखिया सबीना खातून, गाड़ीलौंग पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया, मंडल कार्यक्रम संयोजक जगदीश महतो, महामंत्री सुनील चौरसिया, संजीव पांडेय, मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, बबलू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, महेन्द्र यादव, रामचन्द्र प्रसाद, अंकित कुमार, अभिषेक राज व अन्य उपस्थित थे।

# युवा, महिला, मजदूर, किसान के सम्मान की गारंटी मोदी सरकार : विधायक किसुन दास

➲ हर घर उज्जवला, शौचालय, गरीब को राशन, मोदी सरकार : जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा

➲ पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत का सम्मान सबसे उपर : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ गाड़ीलौंग पंचायत में पीएम सलाहकार तरुण कपूर के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट रुप में सिमरिया विधायक श्री किसुन कुमार दास जी, कोल इंडिया चेयरमैन पी एम प्रसाद, सीएमडी वी वीरा रेड्डी, चतरा उपायुक्त अबु इमरान , चतरा उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, बीडीओ देवलाल उरांव, अंचल अधिकारी राजेन्द्र दास व संयोजक मिथलेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सलाहकार तरुण कपूर ने एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा और मगध कोल परियोजना का निरीक्षण के पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए जहां उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया एवम लाभुको से संवाद किया। कार्यक्रम में हर घर शौचालय बन जाने के लिए गाड़ीलौंग पंचायत के मुखिया सबीना खातून को ओडीएफ पंचायत से संबंधित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवम जेएसएलपीएस के महिला समूह को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिया।उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 16 स्टॉल लगाए गए थे, सभी स्टॉलो का पीएम सलाहकर ने निरीक्षण किया और संतुष्ट दिखे। सिमरिया के विधायक किसुन दासने कहा कि युवा, महिला, मजदूर, किसान के सम्मान की गारंटी मोदी सत्कार में है। जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा ने कहा कि हर घर उज्जवला, शौचालय और राशन मोदी सरकार से ही संभव हुआ है।

## प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय मेंजेंडर हिंसा के खिलाफ पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में शनिवार को क्रिया एवं एकद्ध नेटवर्क के तहत जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय कार्यक्रम असमानता से सामानता सबकी गिनती एक समान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां दसवीं कक्षा के किशोरियों के बीच जेंडर हिंसा पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं कलास के किशोरियों में कुल 10 ग्रुपों में बटकर जेंडर हिंसा के खिलाफ चित्रकारिता में भाग लिया। जहां मुख्य रूप से मीनाक्षी ग्रुप खुशबू ग्रुप स्मृति ग्रुप सीमा ग्रुप रिया ग्रुप निशु ग्रुप काजल ग्रुप एवं आलिया ग्रुप की किशोरियों सहित कलास के सैकड़ो लड़कियों ने भाग लिया पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह संतोष सेठ केंद्र रविदास उमेश पांडेय मीनाक्षी कुमारी किरण कुमारी बिना कुमारी सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## फॉरेस्ट में ट्रेंच काट रहे पोकलेन को अपराधियों ने किया आग के हवाले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन इन दोनों असामाजिकतत्वों के विरुद्ध मोर्चा खोलकर उन्हें सलाखों के पीछे भेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्व लेवी एवं अपनी दबदबा बनाने के लिए नई घटना को अंजाम दे रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए अजित राम, वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि बीते दिनों नव नियुक्त महिला वनपाल अंजली कुमारी को एक नए नम्बर से फोन आया था। व्यक्ति द्वारा कहा गया कि मैं हरेंद्र जी बोल रहा हूँ। जब तक लेवि की राशि नही दी जाती काम बंद रखें। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि अंजली कुमारी नई कर्मी हैं। उन्हें लगा किसी ने मजाक किया है। इस बीच दो दिनों तक वारिस के वजह से काम रुका रहा। आज सुबह खबर आई कि ट्रेंच कटाई में लगे पोकलेन को किसी ने आग के हवाले कर दिया है।

## तेतरियाखाड़ कोलयरी में चल रहे भूख हड़ताल समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरिया खाड कोलयरी में दो दिनों से चल रहे मजदूरों एवम मजदूर नेता गिरधारी यादव का भूख हड़ताल एवं लगभग 15 दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। विस्थापित नेता गिरधारी यादव एवं प्रणव नमन कंपनी में कार्य कर रहे मजदूर के साथ किए गए वार्ता में तय किया गया कि जो 21 मजदूर कंपनी द्वारा हटा दिया गया था उसे पुनः कार्य में रखा जाएगा एवं इन लोगों का वेतन भुगतान सीसीएल द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार की जाएगी ।वही कोलयरी से मुरपा मोड तक प्रतिदिन नियमित जल का छिड़काव कंपनी द्वारा किया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन एक एंबुलेंस अगले वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराएगी समेत कई मांगों पर सहमति के बाद भूख हड़ताल को समाप्त किया गया। इस मौके पर बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, राजहरा एरिया के जीएम कमल मांझी, परियोजना पदाधिकारी केएल यादव, सीसीएल के पदाधिकारि आशीष साहूअमिद इस्लाम, राकेश बहेरा, ट्रक ओनर के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, काली यादव, राजेंद्र यादव, संतोष यादव, रोशन यादव, राजेश राम, रामपति साव, देवनारायण यादव, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मण कुशवाहा, समेत कई लोग

## नरेंद्र आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के सराडू पंचायत के ग्राम सराडू में वार्ड नंबर सात के सदस्य रवि कुमार के उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे मुन्हे बच्चो के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका तारामणि देवी एवं ग्रामीण उपस्थिति थे।

## खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जोगियाडीह मिशन स्थित संत जूली मध्य विद्यालय में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव एवम प्रधानाध्यापिका सिस्टर पूनम ने कबूतर और बैलून उड़ा कर किया। खेलकूद शुरू करने के पूर्व चार दलों के कप्तानों ने शान्ति और दोस्ती के संदेश का प्रतीक मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाया। खेलकूद के दौरान बच्चों ने आकर्षक परेड, पीटी, ग्रुप नृत्य, ड्रिल और योग के प्रदर्शन के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इस खेल कूद प्रतियोगिता में सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर, रिले रेस, बाधा दौड़, तीन पैर की दौड़, रस्सी दौड़, बोरा दौड़, मेंढ़क दौड़, खरगोश दौड़, बिच्छू दौड़, सूई-धागा रेस, मुर्गा लड़ाई, पूंछ तोड़ना, आलू चुनना आदि खेल में बच्चो ने भाग लिया। बच्चों के अभिभावकों, अतिथियों और दर्शकों के लिए बॉम्बिंग द सिटी खेल रखा गया ।जिसमे सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । गांधी दल के बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 455 अंक के साथ प्रथम रहा रहा जबकि सरोजनी दल 305 अंक, लक्ष्मी दल 300 अंक और नेहरू दल 285 अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद के समाप्ति के उपरान्त मुख्य अतिथि परमेश्वर उरांव ने कहा कि खेल बच्चे का अहम पहलू है इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। इस तरह के आयोजन से उनमें छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है । उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को धन्यवाद दिया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल प्रभारी मुक्ति प्रकाश गिद्ध, आभा तिग्गा, अनिता कुजूर, किरण तिर्की, मीना कुमारी, अर्चना, संतोष लकड़ा और रंजीत मौर्य का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर फादर वाल्टर हेंब्रम, फादर प्रदीप पन्ना, फादर ज्ञान प्रकाश, सिस्टर सुमानी, सिस्टर मंजू, अनिल कुजूर, पंकज सिन्हा, विजया लकड़ा, लक्ष्मण महतो और अन्य गण्य मान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण व्यवस्था की कमी देख शिक्षकों को लगाई फटकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत भवन के समीप संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रखंड प्रमुख अनिता यादव एवं उप प्रमुख प्रीतम यादव ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्था फीका देख विद्यालय में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षका को जमकर फटकार लगाई। साथ ही साथ इन्होंने कहा कि प्रखंड में शिक्षा विभाग की व्यवस्था बिल्कुल लापरवाही तरीके से चल रहा है। इस विद्यालय में किसी भी प्रकार की सुविधा बच्चों को नहीं मिलता है। इतना ही नहीं बच्चे शिक्षा में भी बहुत ज्यादा कमजोर है। कई बच्चों से पूछा गया कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं। तो बताने से हिचकिचा गए। उसी में एक बच्चा सही-सही बता पाया।यहां तक की विद्यालय के बच्चे मध्यान भोजन के लिए खाना खाने के लिए थाली भी अपने घर से लाते हैं। तब उन्हें खाना परोसा जाता है। जो बच्चे ताली नहीं लेकर आते हैं उन्हें खाने तक का नसीब नहीं होता। विद्यालय के सचिव ने बताया कि कुछ दिन पहले बच्चों को खाने के लिए थाली एवं गिलास मिला है। लेकिन अभी स्टॉक में बंद पड़ा हुआ है। मध्यान भोजन का जब प्रमुख ने निरीक्षण किया। तो खिचड़ी बना हुआ था। लेकिन किसी भी प्रकार का उसका स्वाद रंग बिल्कुल फिका दिखा। इतना ही नहीं शिक्षक अपने कार्यालय ऑफिस का भी सफाई बेहतरीन तरीके से नहीं करते हैं। पूरी तरह से गंदगी दिखा और तो और चावल भी अनलिगल तरीके से रखा हुआ मिला। जहां पर प्रमुख ने कहा कि भोजन के लिए हि लोग ज्यादा मेहनत करते हैं।

## हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत ग्रामीणों में गैस चूल्हा का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत धाधु एवं झाबर पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव को सर्वप्रथम महिला समूह के द्वारा प्रामपरिक नृत्य व गीत से स्वागत किया गया इस कर्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने मोदी जी की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए मोदी सरकार की गारंटी की बात कही। वही जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की मोदी सरकार की महत्पूर्ण योजनाओं में से गरीब कल्याण अन्न योजना प्रधानमंत्री आवास योजना नल जल योजना जन धन योजना उज्जवला योजना समेत सैकड़ों योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वही मुखिया कुमारी भगवती ने सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग, जेएसएलपीएस, गैस वितरक, कल्याण विभाग, वेलफेयर सोसायटी समेत सभी विभाग के कर्मी अपना स्टॉल लगा कर ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों इस योजना ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। मौके पर पंचायत समिति मुकेश यादव, बिनोद यादव, संतोष, राजेंद्र ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, गणेश यादव, ओमप्रकाश यादव, बालगोविंद प्रजापति, उदय यादव, फुलदेव यादव, बरती यादव, लक्ष्मण यादव, प्रयाग लोहरा, राजू गोप, फरीद खान, समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## नोनगांव पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत नोनगांव पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख मनीषा कुमारी, जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव, बीडीओ मोनी कुमारी,नवाडीह मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में नोनगांव पंचायत के सभी गांव से काफी संख्या में ग्रामीणो की भीड़ जुटी एवं अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन जमा किया शिविर के माध्यम से विभागों के अबूवा आवास, पेंशन, मनरेगा, स्टॉल में लाभुको ने आवेदन जमा किया ।तथा उनके आवेदन को ऑनलाईन किया गया। सबसे ज्यादा लोग अबुआ आवास, गाय सेड, बकरी सेड, जमीन पट्टा से संबंधित फार्म जमा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों के द्वारा वृद्धा पेंशन प्रमाण पत्र एवं असहाय लोगों के बीच कंबल, मनरेगा जॉब कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावे धोती साड़ी सहित लाखों रुपया के परिसंपत्तिया भी बांटी गई। इस कार्यक्रम में मनरेगा ऑपरेटर राजन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार, आवास ऑपरेटर मुकेश कुमार दांगी, जेएसएलपीएस, दीपिका कुमारी, गीता कुमारी, पंचायत सचिव सुरेश कुमार साव, मो असलम अंचल ऑपरेटर मो जफर, सहित अन्य विभागों के कर्मी उपस्थित थें।

## 10 बोरा डोडा लदा बोलेरो व लग्जरी वाहन अर्बन क्रूजर जप्त



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना पुलिस को तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। कुन्दा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के टीटहीभरगाँव जंगल से 10 बोरा डोडा लदा बोलेरो वाहन व अर्बन क्रूजर को जब्त किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तस्कर भारी मात्रा में डोडा लदा वाहन टीटहीभरगाँव गाँव के रास्ते बाहर ले जाने के फिराक में थे, लेकिन इसी बीच तस्करी की सूचना कुन्दा पुलिस को लग गई सूचना के सत्यापन में जब मौके पर कुन्दा पुलिस पहुँची तो तस्कर वाहन लेकर भागने लगे, जिसे टीटहीभरगाँव मुख्य सड़क से बोलेरो वाहन जेएच 02 एच 0399 में 10 बोरा में लदा लगभग 200 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया है। वही मौके से एक अन्य वाहन अर्बन क्रूजर जैसे लग्जरी वाहन संख्या जेएच 12 एम 5868 को भी कुन्दा पुलिस जप्त की है। तस्करों हर तरकीब हुवा फेल,पुलिस ने जेसीबी के मदद से वाहन को जप्त कर थाना ले आयी है,तस्करों की पहचान की जा रही है।हालाँकि खबर लिखे जाने तक कुन्दा पुलिस इस संदर्भ में कोई स्पष्ट जानकारी नही दी है।

# झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार, कटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितिय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा एवं अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अखिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने कहा कि विवाद समाज में सघंर्ष उत्पन्न करता है। परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहां न कोई हारता है और न कोई जीतता है, यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का सिद्धांत त्वरित न्याय से है। न्याय होते हुए भी दिखायी पड़ना चाहिए, इसके लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। एस0 बी0 आई0 के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने के कहा की आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 07 बेंच बनाए गए थे। जिसमें इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-3472 वादों का निष्पादन किया गया तथा कुल 16943620/- रू मात्र राजस्व की वसूली की गई।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# बालिका में कसारी और बालक में हुरनाली पंचायत के खिलाड़ी बने विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के इलेवन स्टार मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुआ। बालिका फाइनल मुकाबला कसारी बनाम हूरनाली के बालिका के बीच खेला गया। जिसमे दोनो टीम अंतिम समय तक बराबर रहे। अंत में दोनों टीमों के बीच पेनल्टी शूटआउट किया गया जिसमें कसारी के टीम ने 0-1 से बढ़त बना कर विजेता बनी। वहीं दूसरी बालक मुकाबला डाड़ी और हुरनाली के बीच खेला गया जिसमें ये दोनो टीम भी अंतिम समय तक कोई गोल नही बना सका अंत में दोनों टीमों को पेनाल्टी शूटआउट किया गया जिसमे हुरनाली के टीम ने डाड़ी को 0ड्ढ1 से पराजित कर विजेता बना। विजेता और उप विजेता टीम को सिमरिया प्रमुख रोहन साव बीडीओ नीतू सिंह जिप सदस्य रोहणी देवी मुखिया अनीता देवी, पुरण राम के द्वारा संयुक्त रूप से सील्ड देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खेल को सफल बनाने में अविनाश कुमार, अजय कुमार जितेंद्र नायक ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित प्रमुख ने कहा खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होती है। आप सभी लोगों ने बहुत अच्छा खेल मैं आप सभी के खेल का सराहना करता हूं और आप लोगों का भविष्य का उज्जवल कामना करता हूं। मौके पर रेफरी ऐनुल हक जेएमएम प्रखंड सचिव भूपेन्द्र ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र साव समाजसेवी गोपाल प्रसाद मेहता के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## मेदनीनगर जाने के क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का परिसदन भवन में भव्य स्वागत



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के राँची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में शनिवार को लातेहार परिषदन भवन में रुके जहां झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी के नेतृत्व में श्रीं ठाकुर का स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, मलिकार्जुन खरगे जिंदाबाद, राजेश ठाकुर जिंदाबाद आदि नारों व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आफताब आलम, लातेहार जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रब्बानी हुसैन, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, अख्तर खलीफा, नौसाद खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस : जेपी पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अटल भवन हजारीबाग में,मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा प्रेस वार्ता की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव द्वारा की गई। मौके पर जिला महामंत्री सुनील कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद उपस्थित थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की छापेमारी लगातार तीसरे दिन भी जारी रही । इस दौरान अब तक धीरज साहू के ठिकानों से करीब तीन सौ करोड रुपए मिल चुके हैं ,नोटों की गिनती अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक धीरज साहू व संबंधित शराब कंपनी के खिलाफ प्रिडिकेट ऑफिस की पड़ताल करने का निर्देश ईडी उड़ीसा जोनल ऑफिस को दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज से पहले इतनी बड़ी रकम ईडी को कभी प्राप्त नहीं हुआ था। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जप्त की है ।जिस मामले में सोनिया और राहुल गांधी बेल पर है। अकेले झारखंड में 70 हजार करोड रुपए के घोटाले उजागर हुए हैं। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## कांग्रेस जिला ओबीसी अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री से किया भेट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** रांची में मंत्री आवास पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, आपदा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दीपक गुप्ता ने मंत्री से बरही अनुमंडल अस्तपाल में बेहतर इलाज की सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान दिलाते हुए यहां समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की। ऐसा होने से सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को समय पर इलाज मिल पाएगा। उन्हें सुविधाओं के अभाव में रेफर करके उसकी जान जोखिम में नहीं डालना पड़ेगा। दीपक गुप्ता ने अस्पताल की मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि सुविधाएं नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल लोग और अन्य छोटे-छोटे बीमारियों से पीड़ित लोगों को हजारीबाग सदर जाना पड़ता है या फिर निजी अस्पतालों में मोटी फीस देकर इलाज कराने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

## डटे रहे संजय, सफल हुआ आंदोलन, मृतक के परिवार को मिला 03 लाख मुआवजा



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हज़ारीबाग मसीपीढ़ी स्थित एके सनशाइन हॉस्पिटल में बीते 2 दिसम्बर को इलाज के दौरान पदमा प्रखंड के नावाडीह निवासी मनोज मेहता ( 50 वर्ष) की मौत हो गई थी।ग्रामीणों एवं परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मृतक के पुत्र अजय कुमार मेहता ने बताया कि बीते 2 दिसम्बर को शाम में सीने में दर्द होने पर एके सनशाइन हॉस्पिटल में इलाज के लिए लाया गया था जहां हॉस्पिटल के महिला चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही तबियत और ज्यादा बिगड़ गई एवं मुँह से झाग आने लगा और कुछ समय बाद पापा की मृत्यु हो गई।इस पर परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा कर दिया। परिजन डॉक्टर की गिरफ्तारी, अस्पताल को सील करने और मुआवजे की मांग कर रहे थे।आंदोलन और विरोध के बाद अस्पताल प्रबंधन के प्रतिनिधि द्वारा मृतक के परिवार को 2 लाख 50 हजार रुपया का चेक दिया गया। साथ ही 50 हज़ार की राशि जनसहयोग द्वारा परिजनों को दी गयी।

**06 दिसम्बर से चल रही थी वार्ता**

इस मामले को लेकर 6 दिसम्बर से बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता के नेतृत्व में वार्ता चल रही थी। पुनः 8 दिसम्बर को लंबी वार्ता हुई। आठ घंटे तक चली वार्ता के बाद परिजनों को मुआवजा सौंपा गया। 08 दिसम्बर को संजय मेहता के साथ कुटीपीसी गाँव के लोग हॉस्पिटल के दरवाजे के समक्ष धरना पर बैठ गए। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने मुआवजा देने की हामी भरी।

**संजय मेहता ने शुरू किया विरोध, जुटते गए लोग**

खबर के बाद संजय मेहता ने विरोध शुरू कर दिया। संजय मेहता के नेतृत्व में परिवार को राहत दिलाने में कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। सभी डटे रहे। इस दौरान जेबीकेएसएस के राजदेश रतन, सूरज कुमार, उदय मेहता, महेंद्र प्रसाद, विनय मेहता, आर्यकांत मेहता, गौतम मेहता, सिकेन्द्र मेहता, मंटू मेहता, कुणाल मेहता, संदीप पासवान, मुखिया विजय मेहता, बप्पी करण, सामाजिक कार्यकर्ता पूनम यादव, मनीषा टोप्पो, अविनाश यादव, टिंकू यादव, सोनू कुमार, सकलदेव कुमार, पप्पू मेहता, रंजीत कुमार, संजय महतो, संदीप पासवान, महेश मेहता, धनेश्वर मेहता,सुजीत कुमार, कुलदीप मेहता, समेश कुमार, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार, रामचरित्र मेहता, दिलीप मेहता का सराहनीय योगदान रहा।

# बादम पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बादम पंचायत में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बीडीओ जितेंद्र मंडल, सीओ बालेश्वर राम, मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सहाब अकबर, रमणिका देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, विशेश्वर नाथ चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रही है, ताकि झारखंड के हर व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्य के लिए मुखिया, जन प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी अहम योगदान दे रहे हैं। बीडीओ और अंचलाधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 3 समूह के बीच 18 लाख की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जेएसएलपीस के द्वारा 2 समूह के बीच 12 लाख की परिसंपत्ति एवं सीआईएफ के 8 समूह के बीच 4 लाख परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर कूप सिंचाई की 90 योजनाओं की स्वीकृति, वृद्ध पेंशन 2, विधवा पेंशन 1, छात्रों के लिए 283 साइकिल की स्वीकृति, किशोरी समृद्धि योजना के पांच लाभुकों 5, सावित्री बाई फुले योजना के तहत 5 लाभुकों को, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 5 लाभुकों को लाभ दिया गया।

# चरही में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत सचिवालय भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन उपमुखिया अभिजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललितराम, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया एवं अधिकारियों द्वारा लाभुकों को विस्तारपूर्वक योजना की जानकारी दी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुना व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति,आय, निवास, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। सरकार की योजना की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 951 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 305 आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया जबकि 646 आवेदन का निष्पादन प्रक्रिया में है। सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 503 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अधिकारियों ने प्रखंड कई विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल में भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे।

## सूर्यकुण्ड मेला के निलामी को लेकर डाक कि बोली आगामी 19 दिसंबर को

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेला आयोजन के ठीकेदारी कि डाक बोली के लिए अंचल कार्यालय बरकट्ठा से इश्तेहार जारी कर दिया गया है.मेला डाक कि सुरक्षित राशि 23,13 225?(तेइस लाख तेरह हजार दो सौ पच्चीस रूपया है.दिनांक 19/12/2023 को दोपहर 12ः00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में डाक कि बोली लगाई जायेगी.डाक में भाग लेने वाले इच्छुक लोगों को अपना पहचान पत्र के साथ पता प्रमाण पत्र लेकर पहुंचना अनिवार्य है.इसके साथ ही सुरक्षित डाक राशि के पंद्रह प्रतिशत 3,46,984?(तीन लाख छियालीस हजार नौः सौ चौरासी रूपया)जमा कर डाक बोली में भाग ले सकते हैं।

## एनटीपीसी द्वारा परियोजना प्रभावित गांव के 18 बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने वित्तीय वर्ष 2023 में अपने उत्कर्ष स्कॉलरशिप के माध्यम से दर्जनों बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप मुहैया करवाया है। इसी क्रम को जारी रखते हुए शनिवार को पुनः 18 मेधावी बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई। परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने मेधावी छात्रों को चेक देकर सिकरी स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में उनका हौसला बढ़ाया। परियोजना प्रभावित कोदवे, होरम और कटकमदाग जैसे गांवों के बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई है। मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने कहा कि आप ऐसे ही मेहनत करके आगे बढ़ते रहे हैं हम आपकी हर तरह की सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी आपके बेहतर भविष्य के लिए हमेशा तत्पर है। इस मौके पर महाप्रबंधक भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापन पंकज ध्यानी ने बच्चों को समझाया कि पैसे कभी भी आपकी पढ़ाई में बाधा नहीं बन सकते, आप मेहनत करें

## पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष सुधीर यादव पिक्कू की माता का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष रहे वर्तमान में सूर्य क्षष्टी छठ पूजा फल वितरण समिति के सचिव सह भाजपा के युवा नेता सुधीर यादव पिक्कू की माँ 67 वर्षिय सावित्री देवी का निधन बड़ा बाजार ग्वाल टोली आवास पर शनिवार को हो गया।वे छह महीने से काफी बीमार चल रही थी।स्व0चमरू गोप की पत्नी स्व0सावित्री देवी अपने पीछे तीन बेटे संजय यादव, सतीश यादव,सुधीर यादव पिक्कू व दो बेटियां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गोलोक चली गई।सावित्री देवी अपने मुहल्ले के साथ साथ परिवार के सदस्यों के बीच काफी चहेती थी हर किसी के सुख दुःख में शामिल होती थी।वहीं इनके अचानक चले जाने से पूरा मुहल्ला सहित परिवार के लोग काफी मरमराहत है।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।दस दिसंबर रविवार को सुबह दस बजे मुक्तिधाम खिरगांव में स्व0सावित्री देवी का अग्नि संस्कार किया जाएगा।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार दो सखी मंडलों को मिला प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**हज़ारीबाग :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बरही प्रखंड के पंचायत दुलमाहा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर 100 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 04 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 2 सखी मंडल के बीच प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया नारायण यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवम अन्य कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे।

## हजारीबाग सदर की पहली महिला विधायक रानी डे पंचतत्व में विलीन



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा की पूर्व सदस्या रानी डे के निर्वाण पर लोगो ने उन्हे अपनी श्रद्धांजलि दी है। सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा तथा भाजपा परिवार की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा देकर उनका सम्मान पूर्वक विदाई दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तलत साबिर उर्फ बाबू खान दीपक पसरिचा, योगेश कुमार, प्रभात कुमार मुन्ना, सुरेंद्र लाल भगत सहित सैकड़ो ग्रामीण और रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# सिद्धिदात्री आहार प्र लिमिटेड ने अपनी स्वयं की प्रोडक्ट किनमीन किया लॉच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** डेमोटांड़ स्थित सिद्धिदात्री आहार प्र0 लिमिटेड के एम0डी संगीत सुनील सिन्हा के अथक प्रयत्न के पश्चात नौ दिसम्बर को पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने किनमीन की प्री लॉन्चिंग कर विधिवत उद्घघाटन किया।उद्घघाटन के दरमियान पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि सिद्धि दात्री आहार प्र0 लिमिटेड के एम0डी संगीत सुनील सिन्हा ने किनमीन प्रोडक्ट को लॉन्च कर जीवन की एक नई पारी की सुरुवात की है।वही हज़ारीबाग ही नही बल्कि पूरे देश एवं विदेश में अपना परचम लहराया है।श्री सिन्हा ने कहा कि इसी प्रकार युवाओं को उधोग जगत में आगे आकर रोजगार का सृजन करना चाहिए।वही यशवंत सिन्हा ने उधोगपति व धर्मप्रेमी रहे स्व0सुनील सिन्हा के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।मौके पर यशवंत सिन्हा के स्वागत में कलाकारों ने छऊ नृत्य पेश किया व ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया।वही सिद्धि दात्री आहार प्र0 लिमिटेड के एम0डी संगीत सुनील सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग में निर्मित किनमीन ब्राण्ड के तहत बननेवाले सारे प्रोडक्ट देश ही नही बल्कि विदेशों में भी किनमीन की सप्लाई की जाएगी सुरुवाती दौर में भारत देश के विभिन्न राज्यों के साथ साथ न्यूजीलैंड,नेपाल,साउथ अफ्रीका, कनाडा आदि देशों में प्रोडक्शन दी जाएगी।

## बॉर्न टू फाइटर 84 वर्षीय पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल इलाज के बाद घर लौटें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बॉर्न टू फाइटर हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल 84 साल की उम्र में नौ दिनों तक राजधानी रांची के मेडिका हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद कई प्रकार की बीमारियों से जंग जीतकर ना सिर्फ शुक्रवार की शाम को हजारीबाग स्थित अपने घर लौट आए हैं बल्कि घर आते ही उन्होंने अपने परिवार जनों और मित्रों संग अपने पूर्ववर्ती दिनचर्या के अनुरूप पारंपरिक खेल तास के दंगल में हाथ भी आजमाया। यह देखकर ब्रजकिशोर जायसवाल के परिवारजन, उनके मित्रगण और चाहने वाले लोगों के चेहरे खिल उठे । श्री जायसवाल ने जिस प्रकार अपनी जीवटता और संघर्ष की बदौलत अपने जीवन में मुकाम स्थापित किया उसी प्रकार अपने सेवाभाव और उदारता से जनता का दिल भी जीता। नौ दिन पहले जब वे अचानक बीमार हुए थे तो लगातार दो दिनों तक बेहोशी की हालत बनी रही उसके बाद अस्पताल में इलाज से उनका रिकवरी हुआ और महज नौ दिनों में ही घर वापस आ गए और परिवार जनों संग मनोरंजन में जुट गए। इससे यह तो स्पष्ट है की इन्होंने जब- जब लड़ा पूरा शिद्दत से लड़ा और आत्म संतुष्टि की प्राप्ति जरूर की। ज्ञात हो की ब्रजकिशोर जायसवाल का बीते 30 नवंबर को अचानक तबियत बिगड़ गया था और तबियत बिगड़ने की सूचना मात्र से ही उनके पुत्र सह विधायक मनीष जायसवाल राजनीतिक कार्यक्रम छोड़ दौरे अपने घर आए थे तो अविलंब उन्होंने खुद एम्बुलेंस में बैठकर उन्हें मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

## दुलमाहा पंचायत सचिवालय में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए, विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के दुलमहा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सीओ राम नारायण खलखो, प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, स्थानीय मुखिया नारायण यादव,पंसस आशा देवी, मनोज यादव ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी , पूर्व पंसस जितेंद्र गिरि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों के बीच राज्य में संचालित लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और शिविरों में आवेदन लिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने झारखंड सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। आपूर्ति विभाग द्वारा धोती साड़ी तथा गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया।वहीं कई पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम में कुल 2041 मामला आया। जिसमें आन द स्पॉट 1129 मामलों को निष्पादित किया गया। वहीं 912 मामले लंबित रहे। शिविर में सबसे अधिक मामला अबूवा आवास तथा जमीन संबंधी समस्या आया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे जिनमें सीआई सतीश कुमार,एमओ संजय कुमार यादव, पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह,बीपीओ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा,कमलेश भारती, राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी रविदास, संजीव राजीव,पंचायत सचिव प्रभु दयाल, आपरेटर प्रशांत कुमार, मोहन मिर्धा, रोजगार सेवक सामंत कुमार, कोलेशवर प्रजापति, पंचायत सेवक प्रियंका कुमारी, ललीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राजेश मिश्रा, जितेंद्र साव, बुलबुल कुमारी, अरुण कुमार पासवान, अंचल ओपरेटर जीवलाल, सागर कुमार, तारकेश्वर कुमार,प्रज्ञा केंद्र संचालक मनीष कुमार यादव सहित कई कर्मी शामिल हैं।

# केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक ड्रेस जूता मौजा एवं स्वेटर का किया वितरण

### बच्चे देश का भविष्य, इन्हें सुरक्षित व बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए : विशेश्वर यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही । प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव द्वारा पंचायत के अलग-अलग तीन विद्यालय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घीयाही में 26, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कजरा में 16, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोडकानाटाड में 26 विद्यार्थियों के बीच पोशाक, ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें सुरक्षित व बेहतर तरीके से शिक्षा मिलना चाहिए। बच्चों के नियमित स्कुल आने से ही वे अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को जान पाएंगे। बच्चें प्रतिदिन स्कूल आवे और मन अच्छे से लगाकर पढ़ें। इस बीच पोशाक, जूता व गर्म कपड़े पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव प्रधानाध्यापक घोडकानाटंड संध्या देवी, अध्यक्ष लीलावती देवी, वार्ड सदस्य रीकु भुइयां, सुभाष यादव, प्रधानाध्यापक घीयाही रमजान अली, सहायक शिक्षक आशीष राणा, वार्ड सदस्य विजय मेहता, श्याम मेहता, प्रधानाध्यापक कजरा निर्मल कुमार, दास वार्ड सदस्य ममता देवी, अनिल राम, अशोक रविदास, अध्यक्ष चन्दर भुइयां, भोला भुइयां, शांति देवी, कलावती देवी, रेखा देवी संगीता देवी, एवं अविभावक गण उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर अयोध्या में पूजित अक्षत पूर्ण कलश को रामभक्तो ने कंधों पर लेकर पहुंचे बरही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** श्रीराम मंदिर अयोध्या में पूजित अक्षत से पूर्ण कलश को अपने प्रखंड में लाने के लिए बरही के रामभक्तों की टोली ने हजारीबाग के जिला कार्यालय पहुंचे। जहां अयोध्या मंदिर के पूजित कलश को प्राप्त किया और पूर्ण श्रद्धा के साथ अपने सिर पर लेकर बरही के लिए प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड से विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर शामिल थे। इस मौके पर प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने कहा कि हम सभी रामभक्त बरही प्रखंड के हर गांव और हर घर तक जायेंगे और सनातन परिवार को पूजित अक्षत, मंदिर का चित्र और आमंत्रित करेंगे। आगामी 14 दिसंबर अयोध्या श्री राम मंदिर के पूजन के अवसर पर इस कार्य हेतु तैयारी के लिए सभी पंचायत एवं गांव में रामभक्तों की टोली बनाई जायेगी और प्रखंड अंतर्गत सभी मंदिर की साफ सफाई की जायेगी। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। श्री राम मंदिर अयोध्या का प्रारूप को यादगार बनाएंगे।

# अमित शाह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर शाह ने स्पष्ट किया कि, 'भाषा और शिक्षा का आंदोलन हो या संस्कृति को बरकरार रखना हो, हर क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद ने युवाओं के माध्यम से समाज को स्व का महत्त्व बताया है। डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट के '3ष्ठ संकल्प' के साथ ABVP ने पूरे देश में घुसपैठ के खिलाफ जनजागृति लाने का काम किया है।' अगर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संघर्ष को देखा जाए तो यह एकमात्र छात्र संगठन है जो शिक्षा जगत की खामियों को दूर करने का संघर्ष कर रहा है और साथ में चरित्र निर्माण का यज्ञ भी चला रहा है। विद्यार्थी परिषद ने ज्ञान, शील और एकता के अपने मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए धैर्यपूर्वक एक पथ का निर्माण किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक संस्था नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आंदोलन है। मोदी जी ने आने वाले 25 वर्षों में भारत को दुनिया का महानतम राष्ट्र बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। आज देश का हर युवा इसे पूरा करने के लिए संकल्पित और प्रतिबद्ध है। जो युवा अपने कैरियर के साथ-साथ देश को सँवारता है, वही सही मायने में शिक्षा को प्राप्त करता है। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह स्पष्ट तौर पर यह मानते हैं कि युवाशक्ति किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है और युवाशक्ति ही देश एवं समाज को शिखर पर ले जाने का काम करती है। जब तक भारत प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर और संपन्न नहीं होता तब तक रुके बगैर इसे पूरा करने में युवाशक्ति की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। आज भारत उस मुकाम पर पहुँच चुका है, जहाँ हर समस्या के समाधान के लिए विश्व भारत की ओर आशा के साथ देख रहा है। देश की जनता ने देखा है कि बीते 9 वर्षों में घपले-घोटाले की जगह नई-नई नीतियों को अमल में लाया जा रहा है। मोदी-शाह के दौर में तुष्टिकरण, परिवारवाद और जातिवाद की जगह आज पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस को स्थापित किया जा चुका है। इस बात को मानने से बिलकुल गुरेज नहीं करना चाहिए कि अमृतकाल में नया भारत सुरक्षित हाथों में है।

# बरियातु में रिलायंस डिजिटल स्टोर की हुई शुरुआत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स प्लेटफार्म रिलायंस डिजिटल ने शनिवार को शहर के बरियातू स्थित गिरिराज टावर में अपने स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन रिलायंस डिजिटल के झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह रांची का तीसरा स्टोर है। यहाँ टीवी, लैपटॉप, फ्रीज, मोबाइल, स्पीकर्स, स्मार्ट वॉच, हैडफ़ोन, ईयरबड्स से लेकर सभी इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक मल्टी बैंक कार्ड का उपयोग कर दस प्रतिशत तक का कैशबैक पा सकते हैं। इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को सामान की खरीदारी पर विशेष छूट दी जाएगी। स्टोर मैनेजर राणा मुखर्जी ने बताया कि कंपनी रिलायंस डिजिटल से शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को जीरो प्रतिशत इंट्रेस्ट फाइनेंस के बेहतर ऑप्शंस और ढेर सारे ऑफर्स दे रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक खरीदारी का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही कंपनी पूरे भारत में फ्री होम डिलीवरी की भी सुविधा दे रही है। मौके पर रिलायंस डिजिटल से जुड़े सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दुलमी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, दुलमी बीडीओ सुनील प्रजापति, प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह, उपप्रमुख धर्मधीर महतो, सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव एवं विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ गाँव के अंतिम व्यक्ति को पक्के मकान मिलें इसके लिए पहले उन्हें चिन्हित करे तब उन्हें इसका लाभ दे। उन्होंने कहा कि शिविर में बैंक वाले का भी एक अलग से स्टॉल लगाया जाए ताकि लोगों को स्वराज सहित अन्य योजना का लाभ मिल सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि लाभुकों को प्रखंड कार्यालय तक ना जाने पड़े।


## अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (गोपनीय शाखा)

### आदेश

प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि खूँटी जिला क्षेत्रान्तर्गत में आये दिन सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है तथा काफी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं। सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण दो पहिया वाहन चालकों द्वारा बिना हेलमेट के ही वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का अनुपालन नहीं करना परिलक्षित होता है।

अतः खूँटी जिला क्षेत्रान्तर्गत में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु खूँटी जिला के सभी पेट्रोल पम्प संचालक को निदेश दिया जाता है कि जो व्यक्ति हेलमेट का उपयोग नहीं करेंगे तथा हेलमेट पहन कर पेट्रोल पम्प में नहीं आयेंगे वैसे व्यक्तियों को पेट्रोल की आपूर्ति नहीं की जायेगी। इस आशय से संबंधित सूचना **"हेलमेट नही तो पेट्रोल नहीं"** सभी पेट्रोल पम्प संचालक अपने–अपने पेट्रोल प्रतिष्ठान में उपर्युक्त स्थान पर Hoarding अथवा बैनर लगाकर दिनांक 20.12.2023 तक प्रदर्शित कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करें।

सभी थाना प्रभारी को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पेट्रोल पम्प संचालक को इस आदेश से अवगत कराते हुए इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। जिला परिवहन कार्यालय, खूँटी इसका अनुश्रवण करेगा।

यह आदेश दिनांक 20.12.2023 से प्रभावी होगा।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
खूँटी

PR 313137 (District)23-24*D


# अनंत विजय की पुस्तक के अनावरण के साथ अयोध्या चैप्टर की शुरुआत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) ने अयोध्या के राज सदन में स्थित रॉयल पैलेस में प्रतिष्ठित पत्रकार और लेखक अनंत विजय की नयी हिंदी पुस्तक, ÷ओवर द टॉप÷ ओटीटी का मायाजाल÷ के अनावरण के साथ अयोध्या में अपने नए चैप्टर की शुरुआत के साथ अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक पदयात्रा का विस्तार किया। अयोध्या में शाही परिवार के वंशज और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा ने शहर में रहने वाले अन्य बड़ी हस्तियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से अनंत विजय की पुस्तक का अनावरण किया। इस मौके पर मौजूद अन्य गणमान्य समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों में गिरीश पति त्रिपाठी (अयोध्या के मेयर), राज करण नैय्यर (एसएसपी अयोध्या), पंडित मिथिलेश नंदिनी शरण, गौरव दयाल (अयोध्या के पुलिस आयुक्त) के अलावा समाज के कई अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज राजन त्रिपाठी के साथ चर्चा सत्र में लेखक अनंत विजय ने अपनी इस पुस्तक से लेकर कहानियां, उपाख्यान और अंतर्दृष्टि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचारों को साझा किया।

# आंगनबाड़ी अरगड्डा झोपड़ी में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

**सिरका :** अरगड्डा अंबेडकर नगर झोपड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के बीच शनिवार को सरकार द्वारा मिले स्वेटर का वितरण किया गया। इसे समाजसेवी सुरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की के हांथो दिया गया। बताया कि ठंड में गर्म कपड़ा मिलने से नन्हे छात्रो को राहत मिलेगी। मौके पर सेविका रेणु टोप्पो, सहायिका ललिता देवी, आदित्य सोनी आदि उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–105/2021 के प्रा0 अभियुक्त बिंदेश्वर राम पिता बिलास राम सा0 पंडरीया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :–9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.313133 Police(23-24):D



## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
## झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

### आम सूचना
### (इच्छा की अभिव्यक्ति)

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 1631 दिनांक 18.10.2023 के निदेशानुसार भारत सरकार शहरी और आवासन कार्य मंत्रालय के द्वारा वित्तिय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें DAY-NULM के SEP घटक के तहत कुल 156 ऋण प्राप्त लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा कुल– 3,60,360/– रूपये प्रशिक्षण हेतु व्यय किया जाना है। इच्छुक एजेंसी / एन०जी०ओ० इत्यादे दिनांक 12.12.2023 को कार्यालय अवधि तक झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं० के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

1. एजेंसी / एन०जी०ओ० इत्यादि का पंजीकरण / Affiliation हो।
2. Entrepreneurship development@training etc- का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
4. एजेंसी/एन०जी०ओ० के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी / एन०जी०ओ० को झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हवादार एवं रौशनी युक्त रूम पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी / एन०जी०ओ० को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी / एन०जी०ओ० को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चॉट पेपर, स्केच पेन, डायरी /कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8. एजेंसी / एन०जी०ओ० को प्रत्येक वैच में अधिक्तम 30–31 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी / एन०जी०ओ० को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी / एन०जी०ओ० का PPT Presentation दिनांक 13.12.2022 को किया जायेगा एवं उसके उपरान्त चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल सं0 6207805284 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 313142 Urban Development(23-24).D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (नजारत शाखा)

### –::अति अल्पकालीन निविदा ::–

रामगढ़ जिला में अतिविशिष्ट अतिथियों के भ्रमण एवं अन्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार के जर्मन हैंगर /टेन्ट/शामियाना/लाईट/साउण्ड एवं अन्य संबंधित सामग्री की आपूर्ति के दर निर्धारण के लिए निबंधित एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्मो से दिनांक 16.12.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक अति अल्पकालीन मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 16.12.2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपायुक्त कार्यालय, जिला नजारत शाखा, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 16.12.2023 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त सभागार में खोला जायेगा। निविदा की विवरणी एवं शर्त्तें https://ramgarh.nic.in में Notice के अन्दर देखा जा सकता है। ह०/–

नजारत उपसमाहर्त्ता,रामगढ़

PR 313093 (District)23-24*D


# सीएससी एकेडमी और टीमलीज़ एडटेक की डिजिवर्सिटी ने झारखंड सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में रोजगार क्षमता और शैक्षणिक अवसरों को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, सीएससी एकेडमी और टीमलीज़ एडटेक की डिजिवर्सिटी ने झारखंड सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इस सहयोग की घोषणा कल एक भव्य समारोह में की गई, और यह झारखंड को रोजगार योग्य बनाने के मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रांची में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 200 से अधिक सीएससी भागीदार उपस्थित रहेंगे। श्री राहुल पुरवार, उच्च शिक्षा सचिव-झारखंड, श्री नवीन शर्मा-सीएससी प्रमुख, और शांतनु रूज-टीमलीज़ एडटेक के संस्थापक और सीईओ इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस पहल उद्देश्य राज्य के शैक्षिक और रोजगार परिदृश्य में बड़ा बदलाव लेकर आना है। इस पहल के तहत, झारखंड में छात्रों को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), आर्ट्स (बीए), मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए), मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए), मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू), मास्टर ऑफ सोशल वर्क, डिजिटल मार्केटिंग जैसे डिग्री और सर्टिफिकेट मिलेंगे। ये सारी डिग्री और सर्टिफिकेट वर्क इंटीग्रटेड होंगे। यह अभिनव नजरिया औपचारिक शिक्षा को व्यावहारिक, ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण के साथ जोड़ने के लक्ष्य पर आधारित है।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
## कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
**E-Mail ID:- dscopalamu2019@gmail.com**

### आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में पलामू जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को योजना लागत कुल रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत (अधिकतम रू0 5.00 लाख) अनुदान पर **छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राइस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों** को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू0 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू0 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है:–

| S. No. | Detail of Agri. Machine | Total Packege cost for group (Rs in lakhs) | Maximum subsidy for group (80%) (Rs in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachement etc. | 6.25 | 05.00 | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 05 SCSP– 04 |
| 2 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power- ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | |
| 3 | Power weeder/ rotary tiller | | | |
| 4 | Self Propelled Rice transplanter. | | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher. | | | |
| 7 | Mini Rice mill | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible - Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible - Cultivator (5-7 tynes) | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible - Disc Harrow (8-10) | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drill | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 06 SCSP– 02 |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame. | | | |
| 14 | Paddy thresher | | | |
| 15 | Wheat thresher | | | |
| 16 | Paddy thresher | | | |
| 17 | Post harvest equipments - Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8 kw compatible power source | | | |
| | 63mm/75mm HDPE Pipe maximum upto 500 feet (BIS Certification) | | | |
| | **Total cost:-** | **6.25** | **05.00** | |

**लाभुक का चयन की पात्रता:–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, पलामू द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी/कृषक समूह जिसमें कम से कम 10–12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायकता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलामू के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। कुल औसत लागत 80 प्रतिशत अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड, स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय पलामू के माध्यम से निशुःल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ईच्छुक कृषक दिनांक 20.12.2023 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता:**–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK - C** के उपरी तल्ला
**फोन नं0–06562–230223**

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज।**

PR **313091** (District) 23-24 (D)



## Govt. of Jharkhand
## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

### Notice Inviting Tender

**Tender NoticeNo. : GNP-02/2023-24 Dated : 09.12.2023**

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक 04.01.2024 को कार्यालय अवधि में।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान: कार्यालय, नगर परिशद गढ़वा।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक 05.01.2024 को 02 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान: कार्यालय, नगर परिशद गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 08.01.2024 को 12 बजे अपराहन् से।
7. निविदाधीण कार्य विवरणीं:

| क्रमांक | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधण की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड 11 में कुश सिंह के घर से भुनेश्वर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 383702.00 | 8000.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 02 | वार्ड 11 में छोटे लाल तापी के घर से हरिनाथ सिंह एवं दिवाकर तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 840500.00 | 17000.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 03 | वार्ड 11 में चिनिया रोड शिव मंदिर पी0सी0सी0 पथ से दिनेश्वर सिंह एवं अभिमन्यु सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 210123.00 | 4300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 04 | वार्ड 11 में शैलेश सिन्हा के घर से रामाशीष तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 630400.00 | 13000.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 05 | वार्ड 11 में गढ़वा चिनिया मुख्य सड़क से रमेश सिन्हा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 191900.00 | 4000.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 06 | वार्ड 11 में कृष्णा बैठा के घर से बीरबल राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 566418.00 | 11500.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 07 | वार्ड 14 में धनन्जय सिंह के घर से सत्येन्द्र तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 639400.00 | 13000.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 08 | वार्ड 14 में पी0एच0ई0डी0 चाहरदिवारी से नागेश्वर भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 602634.00 | 12100.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 09 | वार्ड 14 में रविन्द्र के घर से कृष्णा के जमीन तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 573237.00 | 11500.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 10 | वार्ड 14 में विश्वनाथ राम (छठ घाट) के घर से कामेश्वर राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 411600.00 | 8300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 11 | वार्ड 18 में ब्रहम् कुवां में गोपाल सोनी के घर से मनोज महतो के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 411600.00 | 8300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 12 | वार्ड 14 में शिव मंदिर सहिजना से अनिल सिन्हा के घर एवं अजीत सिन्हा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 411555.00 | 8300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 13 | वार्ड 14 में सहिजना से अनिल सिंह के घर तक एवं उमेश सहाय के घर से के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 213131.00 | 4300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 14 | वार्ड 18 में प्रदीप दास के घर से काशीनाथ केशरी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 485047.00 | 9800.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 15 | वार्ड 18 में सरजू राम के घर से राजू राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 345417.00 | 7000.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 16 | वार्ड 18 में राजेन्द्र मेहता के घर से उमेश सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 411555.00 | 8300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 17 | वार्ड 18 में दबगर मुहल्ला से चापानल से जगदीश प्रसाद के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 227900.00 | 4600.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 18 | वार्ड 20 में देवीशरण राम के घर से दीपक सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 712900.00 | 14300.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 19 | वार्ड 20 में शिवप्रसाद के घर से राजू के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 411600.00 | 8300.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 20 | वार्ड 21 में सीताराम के घर से विजय सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 418909.00 | 8500.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 21 | वार्ड 21 में टंडवा पानी टंकी से सोनी हाउस तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 852506.00 | 17100.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 22 | वार्ड 21 में रामकेवल मेहता के घर से प्रमोद केशरी के घर एवं संजु पासवान के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 779014.00 | 15600.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 23 | वार्ड 21 में अनिल दास के घर से रामदेव राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 178200.00 | 3600.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | परिवहन मद |
| 24 | वार्ड 21 में सरजू के घर से वंशी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 595300.00 | 12000.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |
| 25 | वार्ड 21 में पपु बैठा के घर से जगदीश बैठा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 595289.00 | 12000.00 | 5000.00+ 18% GST | 03 माह | परिवहन मद |

**Note :**1. विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्त को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर परिशद गढ़वा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. Helpline Number of E-Procurement cell-8409053313, 9431141644

**कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा**

PR **313139** (Urban Development) 23-24 (D)

## राममंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड वासियों को अक्षत देकर दिया न्योता



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी 2024 को प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी जिसके बाद श्री राम लला विराजमान होंगे । प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या धाम में अक्षत की पूजा की गई है । इस अक्षत को पूरे देश मे न्योता बतौर सनातनियों के घर जाकर वितरण किया जाएगा । इसी कड़ी में गिरिडीह में भी पूजित अक्षत अयोध्या धाम से भेजा गया जो गिरिडीह जिला के लिए डुमरी प्रखंड अंतर्गत इसरी के श्री राधा कृष्ण ठाकुर बाडी मंदिर में सभी प्रखंडों के सभी प्रखंडों में बैठक एवं पूजा आरती करने के बाद वितरण किया गया । इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रांत मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र साहु जी ,प्रांत संगठन मंत्री श्री देवी सिंह जी ,हजारीबाग विभाग मंत्री श्री अनूप यादव जी उपस्थित हुवे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रांत मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र साहु जी ने कहाँ आज बहुत सौभाग्य की बात हैं 500 वर्षो के उपरांत यह मौका मिला हैं। 22जनवरी 2024 को श्री राम जन्म भूमि में हो रहें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्म प्रेमियों को आमंत्रित करने के लिऐ सभी कार्यकर्ताओ को हर घर हर मंदिर तक पहुँचना हैं । वही प्रांत संगठन मंत्री श्री देवी सिंह जी ने कहाँ की अगले महीने 01 जनवरी से 15 जनवरी तक 2024 तक पूजित अक्षत और आमंत्रण विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओ के द्वारा 1लाख 50 हजार हिन्दुओं के घर तक पहुंचाया जाएगा । 22 जनवरी 2024 से हो रहें राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का का लाइव टेलीकास्ट सभी मंदिरो में बड़े स्क्रीनों पर दिखाया जाएगा। उस दिन सभी मंदिरो में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग मंत्री अनूप यादव ने कहाँ आगामी कार्यक्रम को लेकर अभी से तैयारी शुरू करना होगा तभी यह कार्यक्रम सफल होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष श्री राम किशोर शरण तथा संचालन विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार ने किया। इस बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## गादी मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गादी अंतर्गत ग्राम खरीयोडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा प्रदत्त नौनिहालों के लिए गरम पोशाक का वितरण स्थानीय मुखिया गुलावती देवी के द्वारा किया गया। इस बीच गरम पोशाक स्वेटर मिलने पर बच्चों में खुशी देखी गई। इस बीच मुखिया श्रीमती गुलावती देवी ने कहा कि मैं सभी अभिभावकों से अपील करते हैं कि वे अपने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में अवश्य भेजें ताकि बच्चों का समुचित मानसिक और शैक्षिक विकास हो सके वहीं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज वर्मा ने कहा कि सरकार का बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सोच का यह तरीका काबिले तारीफ है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश यादव , आंगनबाड़ी सेविका बिन्दु देवी, सहायिका सरस्वती देवी , वार्ड सदस्य ओम प्रकाश दास, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गुड़िया देवी, रामकिशुन दास समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का उद्घाटन




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत उद्घाटन किया गया। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए, 13 बेंच का गठन किया गया।वही वैवाहिक व पारिवारिक मामलों, मोटर दुर्घटनावाद, बिजली वाद, स्थायी लोक अदालत में मामले, सुलहनीय आपराधिक मामले, भूमि अर्जन के मामले, चेक- डीड ऑनर के मामले, उपभोक्ता वाद से संबंधित मामले का निष्पादन किया गया।

## विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने दिखाया हुनर



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत जेवियर स्कूल शालीमार फूसबंगला में विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक विषयों में अपनी प्रतिभा, ज्ञान और कौशल प्रदर्शित करने के लिए प्राचार्य पुनीत शाह अथवा निर्देशक रिचर्ड पीटर शाह के नेतृत्व में एक मंच प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्कूल समुदाय को शामिल करना और हमारे अध्ययन की उत्कृष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित करना है।

## टुंडी थाना के महिला हेल्प डेस्क प्रभारी की प्रयास रंग लाई दोनों प्रेमियों साथ-साथ रहने को हुई राजी



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कोलडीह टुंडी निवासी अमित कोल की शादी निशा कुमारी से आज शनिवार को महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी की कक्ष में दोनों प्रेमियों को स्वेच्छा से शादी करा दी गई। बताया जाता कि अमित और निशा में करीब 4 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था निशा द्वारा जब शादी की बात कही गई तो अमित द्वारा साफ तौर पर इंकार कर दिया गया तभी निशा ने टुंडी थाना में अमित के विरोध प्रेम प्रसंग का मामला जिसका थाना कांड संख्या 75 /22 धारा 376 दर्ज़ कर अमित को धनबाद जेल भेज दिया गया तभी सुलहनुमा के आधार पर जेल से कुछ ही दिनों में रिहा हो गया जेल से रिहा होते ही निशा द्वारा दोबारा शादी का प्रस्ताव अमित के समक्ष रखा गया तो परिवार वालों का बहाना बनाकर पुनः शादी से इनकार कर गया निशा द्वारा कई बार अमित से शादी की गुहार लगाई गई फिर भी बात नहीं बनी हारकर फिर कल टुंडी थाना में शिकायत की गई थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजूर द्वारा त्वरित घटना को संज्ञान में लेते हुए अमित को गिरफ्तार कर थाना लाया गया और आज अमित और निशा अपनी मर्जी से शादी करने को राज़ी हो गई ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को लाभ दिलाना है : अन्नपूर्णा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गिरिडीह जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित कर आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आज धनवार प्रखंड के बरजो और बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत में आयोजित शिविर का केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, अन्नपूर्णा देवी ने विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे वंचित लोगों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करना है। गरीब परिवारों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें लाभान्वित करना है। साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आम लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने की एक अनोखी पहल है। इसका लाभ हर किसी को उठाना चाहिए। साथ ही जिन ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच नहीं हो सकी है, उन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई और उन्हें प्रधानमंत्री का विकसित भारत को लेकर संदेश भी सुनाया गया।

### उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर उपायुक्त व एसएसपी ने प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट, पुलिस समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मियों को किया ब्रीफ

## शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आईआईटी-आईआईएम दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के संदर्भ में उनके धनबाद आगमन हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन, धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता, भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ब्रीफिंग किया गया। उपायुकत ने कहा की सभी लोग अपने काम में अलर्ट, सिंसियर एवं फोकस रहे। साथ ही जिस रूट लाइन से महामहिम जाएंगे वहां पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था रहेगी। महामहिम के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैलीपैड पर भी सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। बीते शाम मौक ड्रिल एवं ट्रायल लैंडिंग के माध्यम से तैयारी देख ली गई है। साथी आईआईटी आईएसएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया है। वहीं शहर की साफ - सफाई, रोड की मरम्मती एवं लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। साथ ही साथ सिविल सर्जन को एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है और एसएनएमएमसीएच, सीएचसी गोविंदपुर /निरसा को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में बिना आई कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी पदाधिकरी कमांड के आधार पर कार्य करें। कारकेट के बीच में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इसका ख्याल रखें। रूट मैप के अनुसार सड़कों पर वाहनों की पार्किंग न रहने तथा कुछ स्थलों पर वाहनों की नो इंट्री रखने का निर्देश दिया है। मौके पर सीटी एसपी, रूरल एसपी, डीएसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता, भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 12 अरब 43 करोड़ रुपए की हुई रिकवरी, 88 हजार 691 विवादों का हुआ निपटारा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नालसा के निर्देश पर वर्ष 23 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। **88 हजार 691 विवादों का निपटारा :-** मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र सवांददाता



**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलकडीहा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम काफी सफल रहा। बकौल स्थानीय मुखिया उक्त आयोजन पंचायत वासियों की आशाओं के अनुकूल रहा। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के लिए आवेदन जमा किया जिनमें मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, पशुधन विकास, सावित्रीबाई फुले, केसीसी ऋष्ण, साईकिल वितरण आदि हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ निशा कुमारी ने पंचायत वासियों की समस्यायों को सुना। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाने एवं उनके आवेदन स्वीकार करने का निर्देश दिया। सीओ राजेश डुंगडुंग ने अंचल से संबंधित आम जनता के विभिन्न मामलों को स्वयं देखा। स्थानीय ग्रामीण का कहना था कि पिछले साल भी इस तरह के कार्यक्रम हुआ कई तरह के आवेदन भी जमा किया गया था एक भी मनरेगा का जैसे पोल्ट्री फार्म डोभा तालाब कई तरह के आवेदन भी जमा हुआ था मगर अभी तक उसे आवेदन पर किसी को मनरेगा में एक भी काम को नहीं मिला है

बेंगाबाद प्रखंड प्रमुख मीना देवी ,कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ निशा कुमारी, प्रमुख मीना देवी, मुखिया राजेंद्र वर्मा, सीओ राजेश डुंगडुंग, प्रखंड सांख्यिकी समन्वयक मुजफ्फर अली, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष नुनु राम किस्कू, बीपीओ सतीश कुमार, बीपीओ दीपक कुमार, पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य एवं सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्लस पोलियो को लेकर जागरुकता रथ रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह सदर अस्पताल से पल्स पोलियो अभियान को लेकर दो जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। वही बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान 12 दिसंबर को खत्म होगा। इस अभियान को लेकर दो जागरूकता रथ निकाली गयी। जो पूरे शहर में घूम-घूम कर प्रचार करेंगी और गांव जाकर सहिया एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पोलियो की जानकारी देगी।

## डुमरियाटांड़ में हुआ 2900 फीट रोड का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम डुमरियाटांड़ से अन्य ग्रामों को जोड़े जाने वाली डीएमएफटी के माध्यम से 2900 फीट लगभग 30 लाख रुपए के लागत से रोड का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी महुबनी पंचायत मुखिया गुल्लू अंसारी के द्वारा सड़क का शिलान्यास किया गया। सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे इंजीनियर व ग्रामीणों की गणमान्य उपस्थिति में सड़क ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस महावापूर्ण कार्य के लिए ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य व पंचायत मुखिया को आभार व्यक्त किया।

## भाजयुमों का प्रशिक्षण वर्ग को लेकर जिला कार्यालय में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गिरिडीह :** भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह जिला द्वारा जिला कार्यसमिति बैठक और मंडल सशक्तिकरण अभियान का प्रशिक्षण वर्ग को लेकर आयोजित जिला कार्यालय हरीचक पचम्बा में किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड के प्रदेश मंत्री रूपेश सिन्हा जी उपाथीथ हुए। कार्यकर्म की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने किया । मुख्य अतिथि रूपेश सिन्हा ने कहा कि सभी मंडल के प्रभारी को 8 दिनों तक लगातार इस कार्य में लगे रहना है और युवा मोर्चा को धारदार करने का काम करना है।भाजयुमों ज़िला अध्यक्ष रंजीत राय ने बताया कि 12 दिसंबर से 20 दिसंबर तक ज़िले के 34 मंडल में मंडल प्रभारी मंडल का प्रवास करेंगे। साथ ही मंडल को सशक्त करने का काम करेंगे । साथ ही मंडल स्तर पर बाइक रैली और युवा सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया । मौके पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे , भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री मिथुन चंद्रवांसी, संभू शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश वर्मा, संदीप देव,गोपाल किरण पांडे, श्यामाकांत तिवारी, ईश्वर दास, शशि विश्वकर्मा, विनय राय, राहुल कुमार, महेश सिंह, समेत ज़िले के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## धनबाद महिला कांग्रेस ने सोनिया गांधी की 77 वीं जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्षा सीता राणा के आवासीय कार्यालय मेंआज शनिवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी की 77वीं जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया ।कांग्रेस की सदस्यों ने उनके जन्मदिन पर केक काटकर एवं उनके चित्र पर माला अर्पित करते हुए सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जन्मदिन मनाया एवं उनके द्वारा किए गए कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं उनको कई बार प्रधानमंत्री जैसे पद से सुशोभित करने की बात आयी? पर वह एक सच्चे कार्यकर्ता के रूप में अपने को बनाए रखा और त्याग करते हुए देश की सेवा में अपने को लगाने की काम किया सभी लोगों ने उनके लंबी उम्र एवं स्वस्थ जीवन की कामनाएं की मौके पर रुबीना खातून, हेमंती जायसवाल, पूनम देवी, रामदुलारी देवी, नंदिनी देवी ,जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, बिंदु देवी, गुड़िया देवी ,देवंती देवी, जोहरा खातून उर्फ मुस्कान, नूतन झा ,अजमेरी खातून,आशा देवी, रूबी देवी, शाहिना बानो, समेत कई महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थी ।

## न्याय देने में नाकाम हो रहीं फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतें : शंकर रवानी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**महुदा :** केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बाल अधिकार व संरक्षण पर कार्य कर रही संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने कहा रवानी ने आगे कहा कि अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। झारखंड की बात करें तो यहां पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में तकरीबन दस साल का वक्त लगेगा।

### भाजयुमो धनबाद महानगर का जिला कार्यसमिति व मंडल सशक्तिकरण की बैठक

## मुख्य रूप से उपस्थित हुए धनबाद सांसद पीएन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा जिला कार्य समिति एवं मंडल ससक्तिकरण की बैठक शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर के अध्यक्ष अमलेश सिंह के अध्यक्षता में रखी गयी। संचालन तमाल राय व धन्यवाद ज्ञापन अवध बिहारी राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की तीन राज्यों में चुनाव की जीत से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को और उनके आत्मविश्वास को बल मिला है यह आगे जाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में भी हम पूर्ण बहुमत से बनाएंगे और इस कार्य में युवा मोर्चा के कार्यकरता अहम योगदान निभाने वाले है। आने वाले समय में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में पार्टी नित्य नयनमों को छूने जा रही है और घर-घर तक अपने विचारों को पहुंच कर कांग्रेस अध्यक्ष की भ्रष्टाचारों को उजागर करने वाली है और अब जनता ने भी मन बनाया है कि भाजपा आने वाली है।

# भ्रष्टाचारियों की काली कमाई निकाल के रहेगी मोदी सरकार : विधायक समरी लाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में शनिवार को कांके विधानसभा विधायक माननीय श्री समरी लाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं उनके करीबियों के पास से भारी भरकम रुपए की बरामदगी चिंताजनक विषय है। इस आयकर छापे में बरामद की गई रकम 300 करोड़ रू से भी ज्यादा की रकम किसी बड़ी साजिश या फिर चुनाव के समय प्रयोग में लाने के लिए छुपा कर रखी जाती है बाकी बचे इन पैसों से इन लोगों के द्वारा बड़े-बड़े एजेंसी तथा एनजियो के माध्यम से पैसे देकर जनता को धर्म परिवर्तन करने के लिए भी पैसे का प्रयोग किया जाता है,ताकि गरीब जनता इनके रहमो कर्म के नीचे दबा रहे और अपना वोट बैंक भी बना रहे। 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा की बड़ी जीत और कांग्रेस की करारी हार से कांग्रेस पार्टी बिल्कुल पूरी तरह से डगमगा गई है,जिस पर कांग्रेस पार्टी हारने की कोई उम्मीद नहीं की थी। इस राज्य में कांग्रेस का सुपड़ा साफ होता दिखाई दिया। 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर इन दिनों आयकर विभाग ने जगह-जगह छापेमारी कर करोड़ों रुपए बरामद किए हैं। भ्रष्टाचारियों के साथ जोड़ते हुए विधायक ने राज्य सरकार पर भी अपना निशाना साधा है उन्होंने कहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार लोगों को गुमराह कर एवं भ्रमित करने का काम कर रही है।पिछले साल राज्य में हुए सूखा राहत के पैसे अभी तक किसानों को उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि 2023 में भी सुखा राज्य घोषित हुआ ऐसे में किसानों का पैसा कहां गया झारखंड में झामुमो सरकार के द्वारा अबुआ आवास के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना को भी दबाने का काम कर रही है। मगर अब जनता इन सब बातों को समझ चुकी है और इन भ्रष्टाचारियों की बातों में नहीं आने वाले है। कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से भी भारी भरकम में रुपए की बरामदगी होना आश्चर्य जनक है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में बैठे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की काली कमाई जिसको उन्होंने 70 सालों से छुपा के रखी है,सारे पैसे जनता का पैसा है जिसे किसी न किसी तरीके से भाजपा सरकार निकाल के जनता के हित में खर्च करने के लिए हमेशा खड़ा है। इस तरह के भारी भरकम रुपए का पकड़े जाना लोकतंत्र और राजनीतिक दोनों के लिए ही फायदेमंद साबित हुआ है। इस प्रेस कांफ्रेंस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, महामंत्री राजकुमार वर्मा, सजल कुमार, अमरेश भारती आदि लोग उपस्थित थे।

कुडू में एक बार फिर दिखा अनियंत्रित तेज रफ्तार का कहर

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, दो गंभीर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू में एक बार फिर तेज़ रफ़्तार का कहर देखने को मिला। पहली घटना कुडू कैरो मुख्य पथ कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोबा बर टोली के समीप की है जहां शनिवार की दोपहर करीब 1:30 बजे दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक पर सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू भेजा। जहां चिकित्सक ने एक और को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गम्भीर होने पर रिम्स रांची रेफर कर दिया। मृतकों की पहचान लोहरदग़ा के कैरो थाना अंतर्गत नगजुवा चरिमा निवासी बजरंग गोप 22 वर्ष पिता किशुन गोप, रूपेश यादव 20 वर्ष पिता महावीर गोप के रूप में हुई। प्राप्त सूचना के अनुसार दोनों कैटरर का का करते थे और अपनी होंडा एसपी बाइक से गढ़वा जा रहे थे। वहीं घायल की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के कोसिमरी रोनिया टोली निवासी निवारण उरांव 18 वर्ष पिता धनु भगत के रूप में हुई है। निवारण अपनी पैशन बाइक से टाटी की ओर से अपने घर जा रहा था। फिलहाल पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के कोकर के समीप की है जहां एक कार की चपेट में आने से फुलसुरी कोठीटोला निवासी संजय मुंडा नामक एक युवक का पैर टूट गया जिसे रिम्स रेफर किया गया।

# लाभुकों के बीच किया गया बकरी वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना व कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चार लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप कल्याण विभाग से रुदैन उराँव व पुनी देवी तथा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से मुनी उराइन और सुनीता उराँव के बीच 4-4 बकरी और एक एक बकरा का वितरण किया गया। वही लाभुकों को बताते हुए विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव ने कहा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बने साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन तरह की जन कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। जिस के तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर किसान ग्रामीण आत्मनिर्भर हो सकते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव,पशु चिकित्सक, बाबुसाहेब सिंह, सूरज राम के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

# मौलाना अशरफी ने अर्जुन मुंडा को केंद्रीय कृषि मंत्री का प्रभाव सौंपे जाने पर दी बधाई

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में जहां भाजपा को बहुसंख्यकों का वोट पीएम मोदी जी की गारंटी पे जनता ने मोहर लगाए वहीं आदिवासियों का कद पीएम मोदी जी द्वारा बढ़ा। अनुसूचित जनजाति मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को केंद्रीय कृषि मंत्रालय का प्रभाव सौंपा गया। कृषि मंत्री का पदभार दिए जाने पर संघ संगठन की ओर से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को बधाई। आगे मौलाना अशरफी ने कहा आदिवासियों का वोट पहले के बनिस्पत भाजपा को अच्छा प्राप्त हुआ है। यकीनन मुस्लिम पसमांदा समाज जरूर पूर्व से बेहतर आने वाले दिनों में भाजपा के साथ खड़े दिखाई देंगे। और मुस्लिम समाज कांग्रेस की दोरंगी नीति से बचेंगे। झारखंड से दो बड़े आदिवासी चेहरे को पार्टी की ओर से भाजपा नेत्री आशा लकड़ा को मध्य प्रदेश का पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना तथा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को छत्तीसगढ़ का पर्यवेक्षक नियुक्त करना झारखंड के लिए शुभ संकेत है। बधाई देने वालों में मौलाना अशरफी के साथ-साथ संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ मौलाना अब्दुल रकीब, सह संयोजक मौलाना शमीम, मौलाना कासिम, हाफिज महफूजुर रहमान, तस्लीम फैजी, हाफिज जुनैद राहत पीर इत्यादि ने बधाई एवं शुभकामनाएं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को दी है।

# भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने किसानों की समस्या को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो की अध्यक्षता में महामहिम राजपाल के नाम से उपायुक्त लोहरदगा को जिले के किसानों की समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया धान अधिप्राप्ति समय पर नहीं होने से जिले के किसान औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। इस तरह झारखंड सरकार किसानों के पेट में लात मारने का काम कर रही है। और पूरे झारखंड में अबूवा आवास के नाम पर झूठ का हवा फैलाकर ग्रामीण जनता को दिग्भ्रमित और गुमराह करने का काम कर रही है और केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं आवास योजना के कार्य को लाभ दिलाने में निष्क्रियता दिखा कर गलत ऑनलाइन प्रक्रिया कर वास्तविक किसान आम जनता को लाभ देने में से वंचित करने का काम कर रही है। और तो और झारखंड सरकार केंद्र की योजना को धरातल पर उतारने में बाधा उत्पन्न कर रही है। पूरे जिले के किसान अतिवृष्टि सुनामी लहर से मटर, आलू, एव धान की फसल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिले के किसान दाने-दाने के लिए मोहताज हो रहे हैं। महामहिम राजपाल महोदय से आग्रह है जिले के किसके हित में उक्त विषय की उचित जांच कर कार्रवाई हेतु झारखंड सरकार को अनुदेशित करने की कृपा करें। इस मौके पर महामंत्री परमेश्वर उरांव, मुरारी महतो, निरंजन सिंह, चमरू उरांव रामकुमार साहू, राजेश मिश्रा मोहम्मद अंसारी एवं अहमद अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित है।

# बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर किसानो के बीच मकई व सरसों बीज का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 दिसंबर शनिवार को जिला कृषि कार्यालय सह परियोजना निदेशक लोहरदगा के द्वारा कैरो प्रखंड कार्यालय परिसर मे प्रखंड के किसानो के बीच किया गया मकई व सरसों बीज का वितरण। इस अवसर पर कैरो पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र महली, सहायक तकनिकी प्रवंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा केरकेट्टा, ने प्रखंड के उतका, कैरो, गजनी, नरौली व नगड़ा के किसानो के बीच 05 किलोग्राम मकई,व सरसों बीज एवं कीटनाशक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक तकनीकि प्रवंधक अनुराधा केरकेट्टा ने बताया कि किसानों की आय दुगुनी करने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा विरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत जिला कृषि कार्यालय सह आत्मा परियोजना निदेशक लोहरदगा के सौजन्य से 100 प्रतिशत अनुदान पर मक्का की किस्म डी0एच0एम0 121 प्रजाति का बीज प्रति किसान 05 किलोग्राम के हिसाब से वही 02 किग्रा सरसो बीज व कीटनाशक का वितरण किया जा रहा है। उक्त मकई का बीज से मात्र 30-40 दिनो मे फसल तैयार हो जायेगा। प्रखंड के 13 किसानो के बीच मकई का बीज एवं 14 किसानों के बीच सरसो के बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर भरत भगत, संजय साहू, सुखमानिया उरांव, केशिया भगताईन, बालकी लोहरा, अयोध्या सिंह, सच्चिदानंद साहू, तमन्ना खातून, मोहर लोहरा, रवि उराँव इत्यादि किसानों के बीच किया गया मकई व सरसों बीज का वितरण।

# नगर परिषद द्वारा 170 जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे गए कंबल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत वार्ड विकास केंद्र, इमली चौक, वार्ड संख्या 01 लोहरदगा में शिविर/ कैंप का आयोजन किया गया। प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा की अगुवाई में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन वार्ड संख्या 01, 02, 10 एवं 11 के लिए किया गया। शिविर में विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए तथा 170 जरुरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। उक्त शिविर में, सभी नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# अन्तोनी डैम में झापा का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुरडेग :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित थे। कार्यक्रम में सैकडों भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने झापा का दामन थामा। इस बीच एनोस एक्का ने कहा कि झापा एकमात्र पार्टी है जो इस क्षेत्र में विकास की गारंटी दे सकती है।मेरे द्वारा पूर्व में किये गये विकास कार्य लोगों के मन में बैठ गया है।इसी कारण।क्षेत्र की जनता झापा पर विश्वास करती है और विकल्प के रूप में झापा को आगामी चुनावों में देख रही है। उन्होंने कहा कि यहाँ की जनता न तो राहुल, सोनिया जी और न ही नरेन्द्र मोदीजी को जानती है। यहाँ केवल एनोस एक्का को जानती है।झापा जाति धर्म की राजनिति नहीं करती है,सिर्फ विकास की राजनिति करती है। और सभी धर्मो का सम्मान करती है। उन्होंने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया साथ ही 11 दिसम्बर को सिमडेगा में आयोजित नगाड़ा पिटावन रैली में भारी संख्या में पंहूचने की अपील की। मौके पर शिशिर टोप्पो, जिला प्रवक्ता ओलिभर लकड़ा, कुरडेग मुखिया उर्मिला कुजूर, विनोद बरला, अजित किन्डो, सुरजन नायक, उजित यादव, जीशान खान, मकसूद आलम, सजान खान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक आयोजित कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जेई,पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम के तहत आम बागवानी में घेरान व एच टेका करने तथा बिरसा सिंचाई कूप को एक सप्ताह के अंदर चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि जेएसएलपीएस द्वारा सामाजिक अंकेक्षण से पूर्व सभी जेई एमबी को पूर्ण कर योजना का अभिलेख पंजी का छायाप्रति प्रखंड कार्यलय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। वही सभी पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के एक एक वार्ड से वैसे लाभुक का चयन करें जो अत्यंत गरीब हो और जो लाभकारी योजना से वंचित हैं। इसके लिये सूची तैयार कर सभी को प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जनसेवकों को अबुवा आवास के लिये प्रेरित करने और अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूर्ण कराने के लिये निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, सुरजा भगत, सुजीत उरांव, ओमप्रकाश साहु, अधीश खाखा, मदुसुदन भगत, रेखा कुमारी, अजय वर्मा, प्रवीण कुमार, अंजू कुमारी सहित सभी जेनसेवक, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# अयोध्या में श्री राम मंदिर बनकर तैयार : सचिन कुमार साहू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 500 वर्षो के बाद अयोध्या राम मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस निमित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पूरे संपूर्ण भारत में निमंत्रण हेतु अयोध्या से कलश एवं अक्षत का वितरण किया जाएगा जिसकी शुरुआत प्रांत से लोहरदगा जिला तक आ चुकी है। इसी कार्यक्रम को लेकर मुंदो गांव के हनुमान मंदिर में बैठक की गई। जिसमें गांव के सभी राम भक्त शामिल है हुए। जिसमें चर्चा किया गया कि 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक घर में अयोध्या से आए अक्षत और राम दरबार का निमंत्रण कार्ड जिला के हर एक घर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंचाएंगे। और 22 जनवरी को सभी मंदिरों में महा आरती पूजा का कार्यक्रम एवं हर घर में दीप उत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार साहू की अध्यक्षता में की गई। मौके पर उपस्थित बजरंग दल का जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल जिला सा गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कसकर एवं राज साहू, हसमुख रंजन, दीपक कुमार और गांव के सभी राम भक्त मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में बोलोरो व मैजिक वाहन क्षतिग्रस्त कोई हताहत नही



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनगर सेन्हा में बोलोरो व मैजिक मालवाहक के टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त कोई हताहत नही सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र में रात्रि लगभग 11 बजे सेन्हा रामनगर में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में मैजिक मालवाहक एवं बोलोरो के टक्कर में दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ रामनगर पहुंच क्षतिग्रस्त दोनों वाहन को जब्त करते हुए थाना ले गये और घटना का जायजा लिया विदित हो कि मैजिक मालवाहक जे एच 01 डी यू 4359 के चालक अनियंत्रित वाहन को संभालने में असमर्थ रहा और रामनगर के समीप रास्ता के किनारे खड़ी बोलोरो यू पी 80 ई टी 7855 में टक्कर मार दिया जिससे दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।वही बताया जाता है कि बोलोरो में या समीप किसी व्यक्ति का होने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। साथ ही दुर्घटना के दौरान मैजिक मालवाहक द्वारा गाड़ी को धक्का मारने के पश्चात पलट गया जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उठाया गया। और घटना की सूचना सेन्हा थाना को दिया गया। घटना में मैजिक मालवाहक के चालक बाल बाल बचा जिसे कोई हताहत नही हुआ। वही पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

धीरज साहु पर एफआईआर कर जल्द हो गिरफ्तारी : कोचे मुंडा

# कांग्रेस के मोहब्बत के दुकान में मिलते हैं भ्रष्टाचार से अर्जित धन : कोचे मुंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 300 करोड़ से अधिक नगद राशि मिलने पर कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस का भ्रष्टाचारी चेहरा सामने आ गया है, एक राज्यसभा सांसद के पास 300 कोरोड़ मिलना जो कि गिनती अभी जारी है ये आंकड़ा 700 करोड़ तक पहुंच सकती है, ये गरीब राज्य झारखंड पर एक तमाचा है जो कांग्रेस ने झारखंड की गरीब जनता को मारने का काम किया है ऐसे भ्रष्टाचारी सांसद पर अविलंब ख्रढ्ढक्र करते हुए गिरफ्तार करनी चाहिए।कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकार जब जब सत्ता में आती है लूट कर तिजोरी भरना सुरु कर देती है पर नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे ना खाऊंगा ना खाने दूंगा उन्हें एक एक पाई चुकानी पड़ेगी। राज्य में कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनते ही बालू कोयला और अवैध पत्थर खनन कर कांग्रेस राज्य को खोखला कर रही है भारतीय जनता पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी जल्द ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह भ्रष्टाचारी सरकार की विदाई होगी। जब श्वष्ठ या अन्य एजेंसियों से भ्रष्टाचारियों पर करवाई होती है कांग्रेस एंबुलेंस द्वारा पैसा को दूसरे जगह भेजने का कार्य करती है। कांग्रेस जो बतानी चाहिए कि क्या ये रकम झारखंड में आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए रखे गए थे सांसद धीरज साहु द्वारा अवैध रूप से शराब की फैक्ट्रियां चलाई जाती है इनकी भी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस पूरे देश मे मोहब्बत की दुकान खोल रही है पर उस मोहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार से अर्जित किये धन मिल रहे हैं, पर मोदी की गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून के चुंगल से नहीं बचेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2575 वादों का निष्पादन, 4.30 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा,रांची के निर्देशानुसार आज वर्ष के आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश तिवारी,पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा,डालसा सचिव राजेश कुमार, बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहदुर पाल के नेतृत्व में गठित किया गया। बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 गठन किया गया था। बेंच संख्या-3 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में गठित किया गया। बेंच संख्या-4 मोटर वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य कैसे सर्टिफिकेट केस आदि के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी के नेतृत्व में। विभिन्न बैंकों के ॠण संबंधी समस्याओं, बीएसएनएल आदि के लिए न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल एवं राज कल्याण के नेतृत्व में बेंच संख्या-5 एवं 6 का गठन किया गया था। जबकि उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या-7 का गठन श्री नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2575 केसों का निष्पादन किया गया,जबकि 4.30 करोड़ रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 205 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। आज के कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट सुचिता निधि तिग्गा के द्वारा किया गया।

# एमबी डीएवी विद्यालय में भ्रष्टाचार निरोध दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में भ्रष्टाचार निरोध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी देशों की सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। आज के समय में भ्रष्टाचार से कोई देश,क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है। यह आर्थिक विकास को धीमा ही नहीं करता बल्कि बुनियाद को समाप्त कर देता है। पूरे विश्व में एक समृद्ध समाज को बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना ही इस दिन का मनाने का मुख्य उद्देश्य है। आने वाली पीढ़ी को भ्रष्टाचार के परिणाम से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार के परिणाम पर आधारित नाटक मंचन किया गया। नाटक में दीपांशु कुमार, आकृति पंकज, सची मेहता, मोहम्मद आसिफ, निर्वाण कुमार, कोमल कुमारी, महिमा उरांव, भारती कुमारी, अनम फिरदौस, पूजा कुमारी, स्नेहा देवघरिया, प्राची आनंद, हुमायरा यासमीन, वैष्णवी प्रिया, मयंक विमोहन व हर्षित राज ने अभिनय किया। माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम को उजागर किया तथा किस प्रकार आने वाली पीढ़ी अपनी सुबुद्धि तथा सुलक्ष्य निर्धारित कर सतत् प्रयास से भ्रष्टाचार का निवारण कर सकती है।

## चलते चलते एक नजर

### झामुमो प्रवक्ता का बयान चोरी और सीनाजोरी : प्रदीप वर्मा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने शनिवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस झामुमो में केवल सरकार चलाने का गठबंधन नहीं हुआ है, बल्कि एक दूसरे के भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ भी बोलने का समझौता है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो नेताओं के भ्रष्टाचार उजागर होते हैं तो कांग्रेस पार्टी उनके बचाव में आंदोलन करती है और जब कांग्रेस का मामला उजागर होता है तो झामुमो बचाव में आ जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो की यह दोस्ती पुरानी है। लेनदेन का इतिहास पुराना है। वर्मा ने कहा कि झामुमो यह क्यों नहीं बता रहा कि आखिर किस कानून में 300 करोड़ से भी अधिक नकदी घर में रखने की इजाजत है? उन्होंने कहा कि झामुमो की शर्म हया पहले ही खत्म हो चुकी है। भ्रष्टाचार कांग्रेस-झामुमो के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता खुद असमंजस में विरोधाभासी बयान दे रहे। एक तरफ कहते हैं जांच एजेंसी बताएगी तब मानेंगे। दूसरी तरफ झारखंड में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ ईडी ने कई बार एफआईआर करने के लिए पत्र लिखे हैं लेकिन मुख्यमंत्री कुंडली मारकर बैठे हैं।

### कलाकार मेघु महतो का निधन, झॉलीवुड में शोक की लहर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झॉलीवुड के जाने-माने हास्य कलाकार मेघु महतो का निधन हो गया। बताया गया कि बीते 6 दिसंबर 23 को गेतलसूद डैम में डूब गया था जिस कारण उसकी मौत हो गई। वे मुख्य रूप से रांची जिला के अनगड़ा प्रखंड स्थित सिरका ग्राम के रहने वाले थे। अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी एवं दो पुत्र लगभग 14 वर्ष एवं दूसरा लगभग 10 वर्ष) को छोड़कर चले गए। उनकी आजीविका का प्रमुख साधन खेती-बारी था। हास्य कलाकार मजबूल खान के नागपुरी एवं खोरठा भाषा में बनाई गई कुछ एल्बम जैसे मुर्गी चोर卐 , 卐बौना दीवाना卐उल्टा पुल्टा शोले जैसे कई हिट एल्बमों में मेघू ने अपनी बेहतरीन अधिकारी से दर्शकों को हंसा कर लोटपोट कर देते थे कम समय में कम कद-काठी के धनी मेघू अपने अभिनय और बोलने के अंदाज से दर्शकों को हंसाने पर मजबूर कर देते हैं।मेघु का सबसे पॉपुलर डायलॉग 卐गर्दा उड़ा देंगे卐 अब दर्शकों के मन में यादगार रह जाएगा। मेघु के निधन पर नागपुरी फिल्म जगत में शोक की लहर है। संगीतकार जयकांत, श्रीकांत,नायिका वर्षा,मोनू, रवि महतो,सतीश,दिनेश,दीपक सिन्हा,राजीव,मजबूल खान,पंकज सिन्हा,परवेज कुरैशी सहित सिनेप्रेमियों ने शोक व्यक्त किया है।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ऋषिकेश में की गंगा आरती, मां गंगा से मांगा आशीर्वाद

**ऋषिकेश :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ऋषिकेश में गंगा पूजन किया और गंगा आरती में शामिल हुए। उन्होंने मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। देहरादून में आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रतिभाग करने के पश्चात ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन पहुंचे थे। यहां पर परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री धामी गंगा पूजन और आरती कार्यक्रम में शामिल हुए।

# नकली सोना दिखाकर लूटने वाले गिरोह का खुलासा, 3 गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने नकली सोना को कम पैसे में देने का लालच देकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है. मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट से पुलिस ने गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधी के पास से तीन हथियार, तीन जिंदा गोली, हथियार बनाने वाली पाइप, कट्टर, नकली सोने की बिस्किट सहित बाइक बरामद की है. गिरफ्तार अपराधियों में पिंटू कुमार, राजा चंद्रवंशी और गुड्डु शामिल हैं.गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई.पलामू एसपी रिश्मा रमेसन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी लूट की घटना को अंजान देने की योजना बना रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ सुरजीत कुमार और सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. इस टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के जोरकट से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया.हथियार के बल पर कारोबारियों से लूट लेते थे पैसे.पिंटू कुमार अपने घर हुसैनाबाद में हथियार बनाने का काम करता था. वह अपने साथियों के साथ मिलकर कारोबारियों को चिन्हित कर वीडियो कॉलिंग के माध्यम पीतल की बनी बिस्किट को सोना बताकर कम पैसे में देने का लालच देता था. जब कारोबारी पैसा लेकर सोने की बिस्किट लेने पहुंचते थे तो तीनों अपराधी हथियार दिखाकर उनसे पैसे लूट लेते थे. इस मामले की जानकारी एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि पुलिस इस पूरे मामले में जानकारी जुटा रही है. अपराधियों से भी पूछताछ कर रही है. पूछताछ के बाद तीनो गिरफ्तार अपराधियो को जेल भेज दिया जायेगा.

## कांग्रेस पार्टी की कमियों को दूर कर मजबूती से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव : रंधावा



एजेंसी

**नई दिल्ली:** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ राज्य के चुनावी नतीजों पर चर्चा हुई और आगे की रणनीति तय की गई। रंधावा ने शनिवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम अपनी कमियों की पहचान कर उसे दूर करेंगे। हम आने वाला लोकसभा चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम) में हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस सिर्फ तेलंगाना में सरकार बनाने में सफल हुई है। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान चुनाव के नतीजों की समीक्षा करने में जुटी है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के चुनावी परिणाम की दिल्ली में समीक्षा हुई। सूत्रों का कहना है कि आज राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश और मिजोरम के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ आलाकमान ने बैठक की है।

# सेवा भारती 26 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को करेगी सम्मानित




एजेंसी

**नई दिल्ली :** समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 26 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सेवा भारती सम्मानित करेगी। यह सम्मान समारोह दिल्ली के वसंत कुंज स्थित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सभागार में 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने शनिवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक भव्य समारोह में सेवारत्न और सेवा भूषण के लिए चयनित सभी 26 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित करेंगे।

प्रदेश महामंत्री सुशील गुप्ता ने कहा कि यह निःस्वार्थ सेवा एवं परोपकार के कार्यों में लगे लोगों की उपलब्धियों को सम्मान देने का एक प्रयास है। इस वर्ष जेएसडब्ल्यू के अध्यक्ष सज्जन जिंदल और एसआरएफ फाउंडेशन की अध्यक्ष वासवी भरतराम को सेवा रत्न से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही दिल्ली पुलिस सहित 23 अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों को सेवा भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# साल 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा भारतः धनखड़




एजेंसी

**बांसवाड़ा :** कुछ देश विरोधी लोग विदेशों में जाकर भारत की छवि बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं जबकि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। भारत 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा। मौजूदा केंद्र सरकार ने विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया है। यह बात उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को बांसवाड़ा जिले के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित छात्र शिक्षक संवाद के दौरान कही। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सरकार की उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने जनजाति वर्ग की महिला को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आसीन कराया है। धनखड़ ने परोक्ष रूप से पिछली सरकार के कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भारत ने तेजी से हर क्षेत्र में विकास किया है जबकि इससे पूर्व की सरकार के कार्यकाल में भारत की गिनती कमजोर देश में होती थी। मौजूदा सरकार ने विश्व के पटल पर देश का मान बढ़ाया है और आज पूरे विश्व में भारत के बारे में लोग चर्चा करते हैं और भारत से दोस्ती करना चाहते हैं। इस अवसर पर गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति केशव सिंह ठाकुर ने प्रदेश के एकमात्र जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक के सफर के बारे में जानकारी दी और विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए संविधान पार्क के बारे में भी उल्लेख किया। इस अवसर पर बांसवाड़ा डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद कनक मल कटारा भी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र के पड़वा प्रखंड के अंतर्गत लोहड़ा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम, भारतीय जनता के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।सांसद श्री राम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं




की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। सांसद श्री राम ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। सांसद ने अनुरोध किया और कहा कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में निर्धारित स्थान पर उक्त कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें एवं इसका लाभ उठाएं। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करा रहे हैं टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है। ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष दिया जा रहा है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से भी उपरोक्त योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनता को दी जा रही है। माननीय सांसद के द्वारा जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पड़वा नंदकिशोर मेहता, पंकज तिवारी, जिला सांसद सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, सुभाष मेहता, अंचलाधिकारी हलधर सेठी, पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, सीडीपीओ स्वीटी सिंह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमित चौबे, कृष्णा मिश्रा, नारद मिश्रा, विक्रम पाल, निर्मल यादव सहित प्रखंड के पदाधिकारीगण एवं भाजपा के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## राजस्थान के भाजपा विधायकों से वर्चुअली संवाद करेंगे जेपी नड्डा

**नई दिल्ली :** राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न स्तरों पर मंथन का दौर लगातार जारी है। जयपुर में सोमवार को प्रस्तावित विधायक दल की बैठक से पहले शनिवार देर शाम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नवनिर्वाचित विधायकों से वर्चुअली बातचीत करेंगे। यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पार्टी की तरफ से इस बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह बैठक शाम 08 बजे से होगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पार्टी विधायक दल की बैठक के लिए राजस्थान का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की थी।

# जन भागीदारी से जन आंदोलन का रूप लेगी विकसित भारत संकल्प यात्राः अनुराग ठाकुर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन भागीदारी से जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत को परम वैभव तक पहुंचाने वाले दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। अनुराग ठाकुर शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में देहरा विधानसभा के नलेटी गांव, नादौन विधानसभा के जोल सप्पड़ ग्राम और हमीरपुर विधानसभा के बल्ह ग्राम में विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए व लाभार्थियों से संवाद के कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम आदमी तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया एक देशव्यापी अभियान है। उन्होंने कहा, मोदी जी के 9.5 वर्षों के कार्यकाल में वंचितों को वरीयता मिली है और देश ने विकास के हर पैमाने पर बेहतरीन तरक्की की है। मोदी जी ने पाई पाई बचाकर देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई को काम किया है। पहले सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया जाता था, आज सच में गरीबी हटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने मात्र 5 वर्षों में 13 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर लाया है। मात्र 9 वर्षों में 4 करोड़ से ज्यादा जरूरतमंदों को घर प्रदान करना, 12 करोड़ शौचालय बनवाना, 13 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचना, देश के अंतिम घर तक बिजली सुनिश्चित करना, 60 करोड लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देना, 220 करोड़ मुफ्त वैक्सीन लगाना और 80 करोड़ जरूरतमंदों को 5 वर्षों से मुफ्त राशन मुहैया कराना कोई आम बात नहीं है। यह सिर्फ और सिर्फ मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पाया है।

# कांग्रेस का कैश कांड : भाजपा ने किया कांग्रेस मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सांसद धीरज साहू से लगभग 300 करोड़ रुपये बरामद होने पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में शनिवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने अकबर रोड पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस सांसद के प्रतिष्ठानों पर अभी भी नोटों की काउंटिंग चल रही है और यह संख्या 300 करोड़ रुपये के ऊपर हो जायेगी। जिस भ्रष्टाचार की रीति को जवाहर लाल नेहरू ने शुरू किया था उसी रीति को राहुल गांधी भी आगे बढ़ा रहे हैं।

सचदेवा ने कहा कि बार-बार विपक्ष इस बात को दोहराता रहा है कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है लेकिन आज कांग्रेस को इसका जवाब मिल गया है कि जांच एजेंसियां ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं और भ्रष्टाचारियों के ऊपर नकेल कसने का काम कर रही हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि यह देश भ्रष्टाचारियों से मुक्त होगा। चौकीदार अपना काम ईमानदारी से कर रहा है और जितने चोर हैं एक-एक कर उनका खुलासा हो रहा है। हमारी मांग है कि धीरज साहू की सदस्यता राज्यसभा से निलंबित हो और कांग्रेस उन्हें पार्टी से बाहर करे।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज जब हम इस भ्रष्टाचारियों के कार्यालय के समक्ष खड़े हैं, इस वक्त भी नोट गिने जा रहे हैं और नोट गिनने की मशीन तक खराब गई हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है कि आखिर कौन कितना अधिक भ्रष्टाचार कर सकता है। जो पैसे बरामद हुए हैं, इसमें 2000 के नोट नहीं है। इससे साफ स्पष्ट है कि यह भ्रष्टाचार अभी हाल ही में किया गया है।

रमेश बिधूड़ी ने कहा कि राहुल गांधी देश जोड़ो यात्रा करके मोहब्बत की दुकान चला रहे थे और उनके ही सांसद इतने बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, इसलिए साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता ने मौका दिया। इस देश से भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की मोदी से जो उम्मीद देश की जनता को थी, उन उम्मीदों पर आज वे खरा उतरे हैं।

विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि एक छोटे राज्य झारखंड में कांग्रेस ने सत्ता के सहारे इतना नकद पैसा एकत्र किया तो जनता समझ सकती है कि आज कर्नाटक जैसे राज्य में कांग्रेस नेता क्या कर रहे होंगे।

# यौन शोषण के शिकार बच्चों को है न्याय का इंतजार फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों में 2.43 लाख मामले लंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी, 2023 तक देश में 2 लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में 25 से ज्यादा साल तक का समय लग सकता है। साथ ही 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र 'जस्टिस अवेट्स ÷ ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' से उजागर हुए हैं।यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों



का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपये की बजटीय राशि के आवंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2 लाख 68 हजार 38 मुकदमों में से महज 8 हजार 909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपये का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार, ÷प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ दुष्कर्म है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों की शादी करवा दी जाती है। इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं। आईसीपीएफ के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा, कानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है।